पुस्तक ● भगवान महावीर की सूक्तियाँ

विषय ● भगवान महावीर की १००८ सूक्तिया

सम्पादक ● राजेन्द्रमुनि शास्त्री काव्यतीर्थ

सप्रेरिका ● परमादरणीया मातेश्वरी महासती
श्री प्रकाशवतीजी

प्रकाशक ● श्री तारक गुरु जैन ग्रन्थालय
पदराडा जि उदयपुर (राज.)

प्रथम सस्करण ● दिसम्बर १९७३

प्रतिया ● १३००

मुद्रक ● प्रतापसिंह लूणिया
जॉब प्रिंटिंग प्रेस
ब्रह्मपुरी, अजमेर

मूल्य तीन रुपया

समर्पण

जिनका जीवन त्याग और वैराग्य का
साहित्य और संस्कृति का
ज्ञान और विज्ञान का
पावन संगम है, उन्ही
अनन्त-अनन्त श्रद्धा के केन्द्र
श्रद्धेय सद्‌गुरुवर्य राजस्थान केसरी
प्रसिद्ध वक्ता श्री पुष्कर मुनिजी म. के
कर कमलो मे

–राजेन्द्र मुनि

सम्पादक की कलम से

सूक्तियां स्वयमेव साहित्याकाश के लिए उज्ज्वल नक्षत्र के समान है। इनकी निर्मल आभा, देशकाल की सङ्कीर्ण सीमा को लाघ कर एक रस रहती है।

जीवन के विविध अनुभवो ने इनको अजरता और अमरता दे रखी है। इन सूक्तियो मे मिश्री का माधुर्य और अंगूर का सारस्य जैसा स्वाद परिलक्षित होता है।

भगवान महावीर युग पुरुष के रूप मे प्रतिष्ठित थे। उनके समय-समय के प्रवचन अतिमर्मस्पृक् होते थे। उनके आगम-साहित्य के अनेक प्रवचन-रत्न हैं। जिनकी झलक सहृदय एवं धार्मिक पुरुष के हृदयादर्श पर द्विगुणित प्रभासम्पन्न हो जाती है।

अतएव उन प्रवचन-रत्नो के चकाचौध मे सूक्तियो का सङ्कलन प्रारम्भ हुआ और जैसा जमा, जमाता चला गया। यही वह दूसरे रूप मे एक सग्रह हो गया। संग्रह के जीवनदाता श्रद्धेय गुरुदेव राजस्थान केसरी पण्डितरत्न श्री पुष्कर मुनि जी एव समर्थ साहित्यस्रष्टा

गुरुदेव श्री देवेन्द्र मुनि जी महाराज है, और सहायक है मेरे ज्येष्ठ सहोदर श्री रमेश मुनि जी शास्त्री काव्यतीर्थ तथा सद्गुरुणी जी श्री पुष्पवती जी म. एवं मातेश्वरी श्री प्रकाशवती जी की प्रबल-प्रेरणा भी मुझे सदा उत्प्रेरित करती रही। जिससे यह संग्रह शीघ्र तैयार हो सका है।

इसका आकार-प्रकार जैसा भी कुछ है, वह भक्ति-मती और गुणानुरागिणी जनता के सम्मुख है और वह सब गुरुदेव की सेवा मे समर्पित है।

लोढा धर्मशाला
अजमेर
२०–११–७३

राजेन्द्रमुनि शास्त्री

प्रकाशकीय

भगवान महावीर के पच्चीससौवी निर्वाण तिथि के उपलक्ष मे 'भगवान् महावीर की सूक्तियां' प्रकाशित करते हुए हमे परम आह्लाद है, भगवान् महावीर की वाणी आगम के नाम से विश्रुत है, जिसमे अगणित विचार रत्न भरे पड़े हैं, उस आगम साहित्य का मन्थन कर श्री राजेन्द्रमुनि शास्त्री ने सूक्तियों का अनूठा सकलन तैयार किया, यह संकलन अपने आप में मौलिक है। इसमें आध्यात्म, धर्म, नीति, कर्त्तव्य, साधना, समभाव, वीतराग आदि विषयो पर सूक्तियाँ सकलित की गयी हैं। यह सग्रह मुनि श्री जी ने श्री देवेन्द्र मुनि जी के निर्देश से सन् १९७२ मे तैयार किया था, संकलन की सूक्तिया लगभग २५ सौ हैं, पर पुस्तक अत्यधिक बडी होने के भय से प्रस्तुत पुस्तक में एक हजार आठ सूक्तिया ही दी जा रही है यद्यपि सूक्तियों के अनेक सकलन अनेक सस्थाओ की ओर से समय-समय पर प्रकाशित हुए हैं, पर वे सकलन इतने बृहत्काय हो गए है कि उन्हे आज का प्रबुद्ध पाठक

पढ़ने से कतराता है। इसलिए हम इस संकलन को पाकेट बुक् साइज में दे रहे हैं।

राजेन्द्र मुनि जी परमश्रद्धेय राजस्थान केसरी पूज्य गुरुदेव श्री पुष्कर मुनि जी के पौत्र शिष्य हैं। आप हृदय से उदार, स्वभाव से मिलनसार और कार्य करने में कुशल हैं। आपने बनारस की धर्मशास्त्री, कलकत्ता की काव्यतीर्थ और पाथर्डी की जैन सिद्धान्त शास्त्री आदि अनेक परीक्षाए समुत्तीर्ण की है।

आपकी अनेक रचनाएँ राजस्थान केशरी व्यक्तित्व और कृतित्व, भगवान महावीर : एक परिचय चौवीस तीर्थंकर : एक परिचय, देवेन्द्रमुनि शास्त्री साहित्यिक एक परिचय, प्रकाशन के पथ पर है। प्रस्तुत पुस्तक पाठको ने चाव से अपनायी तो हम शीघ्र ही अवशेष सूक्तियाँ भी प्रकाशित करना चाहते है।

प्रस्तुत पुस्तक को शीघ्र और मुद्रण कला की दृष्टि से सर्वाधिक सुन्दर बनाने का श्रेय स्नेह सौजन्य मूर्ति गाँधीवादी श्री जीतमल जी साहब लूणिया एव श्री प्रतापसिंह जी लूणिया को है।

मत्री

श्री तारक गुरु जैन ग्रन्थालय

अनुक्रमणिका

●

धर्म और नीति (१)

* मगल
* धर्म
* अहिंसा
* सत्य
* अस्तेय
* ब्रह्मचर्य
* अपरिग्रह
* श्रद्धा
* तप
* साधना
* समभाव
* वीतराग
* सरलता
* सयम
* सद्गुण
* स्वाध्याय
* क्रोध
* मान
* माया
* लोभ
* विनय
* ब्राह्मण कौन ?
* रात्रिभोजन
* सदाचार
* सेवा
* सत्सग
* सतोप
* कर्त्तव्य

मंगल

१

णमो तित्थयराणं

२

सन्तो सन्तिकरे लोए

३

अभयंकरे वीरे अणंतचक्खू

४

निव्वाणवादी णिह नायपुत्ते

५

लोगुत्तमे समणे नायपुत्ते

६

इसीण सेट्ठे तह वद्धमाणे

७

सघ नगर । भद्दते ॥
अखड चारित्त पागारा

८

णमो अरिहंताणं

मंगल

१

साधु साध्वी श्रावक श्राविका रूप तीर्थ की स्थापना करने वाले तीर्थंकर को नमस्कार हो।

२

शान्तिनाथ इस लोक मे शान्ति करने वाले है।

३

प्रभु महावीर अभय देने वाले है और अनन्त चक्षु वाले है।

४

निर्वाण वादियो मे ज्ञात पुत्र महावीर स्वामी सर्व श्रेष्ठ है।

५

लोक मे सर्वोत्तम श्रमण ज्ञातृपुत्र महावीर है।

६

ऋषियो मे सर्वश्रेष्ठ महावीर वर्द्धमान है।

७

अखण्ड चारित्र रूप प्राकार (कोट) वाले मे श्री सघ रूप नगर। तुम्हारा कल्याण हो। मगल हो।

८

अरिहन्तो को नमस्कार

९

णमो सिद्धाणं

१०

णमो आयरियाणं

११

णमो उवज्झायाणं

१२

णमो लोए सव्वसाहूण

१३

चत्तारि मंगलं अरिहता मंगल
सिद्धा मगल साहू मंगल
केवलिपन्नत्तो धम्मो मंगल

१४

नमो ते ससयातीत

१५

धम्मो मगल मुक्किट्ठं

१६

पावाणं जदकरणं तदेव खलु मंगल परमं

९

सिद्धों को नमस्कार ।

१०

आचार्यों को नमस्कार

११

उपाध्यायों को नमस्कार

१२

सर्व साधुओं को नमस्कार

१३

मंगल चार हैं—अरिहन्त सिद्ध साधु और केवल प्ररूपित धर्म ।

१४

संशयातीत तुम्हे नमस्कार हो ।

१५

धर्म सबसे उत्कृष्ट मगल है ।

१६

पाप कर्म न करना ही वस्तुत. परम मंगल है ।

धर्म

१७

धम्मो दीवो

१८

दीवे व धम्म

१९

धम्मे हरए बम्भे सन्ति तित्थे

२०

धम्मस्स विणओ मूल

२१

इह माणुस्सए ठाणे
धम्म माराहिऊ णरा

२२

धणेण किं धम्म धुराहिगारे

२३

धम्म पि काउणं जो गच्छइ
पर भव सो सुही होइ।

२४

धम्म चर सुदुच्चरं

धर्म

१७

संसार समुद्र मे धर्म ही द्वीप है ।

१८

धर्म दीपक की तरह अज्ञान अन्धकार को दूर करने वाला है ।

१९

धर्म रूपी तालाव मे ब्रह्मचर्य रूप घाट है ।

२०

धर्म का मूल विनय है ।

२१

इस मनुष्य लोक मे धर्माराधन के लिए मनुष्य ही समर्थ है ।

२२

धर्म रूपी धुरा के अंगीकार कर लेने पर धन से क्या ?

२३

जो धर्म का आचरण कर के परभव को जाता है वह सुखी होता है ।

२४

आचरण मे कठिनाई वाला, फल मे सुन्दर ऐसे धर्म का तू आचरण कर ।

२५

धम्म विऊ उज्जू

२६

एस धम्मे धुवे निच्चे, सासए जिण देसिए

२७

एक्को हु धम्मो ताणं न विज्जई
अन्न मिहेह किंचि ।

२८

आयरिय विदित्ताणं सव्वदुक्खाविमुच्चई

२९

धम्म सद्धाएणं-साया सोक्खेसु-
रज्जमाण विरज्जइ

३०

दिव्वं च गइं गच्छन्ति
चरित्ता धम्ममारिय

३१

आणाए मामगं धम्मं

३२

णच्चा धम्मं अणुत्तरं
कय किरिए ण यावि मामए

२५

धर्म को समझने वाला सरल हृदयी होता है।

२६

जिन भगवान द्वारा उपदिष्ट यह धर्म ही ध्रुव है, नित्य, शाश्वत है।

२७

अकेला धर्म ही रक्षक है; अन्य कोई यहा पर रक्षक नही पाया जाता।

२८

आचरण योग्य धर्म को जानकर के सभी दुःख नाश किये जा सकते है।

२९

धर्म के प्रति श्रद्धा से सातावेदनीय जनित सुखो पर विरक्ति पैदा हो जाती है।

३०

आर्य धर्म का आचरण करके अनेक महापुरुष दिव्य गति को जाते है।

३१

आज्ञानुसार चलना ही मेरा धर्म है।

३२

श्रेष्ठ धर्म को जानकर क्रिया करता हुआ ममत्व भाव को नही रखे।

३३

चरिज्ज धम्म जिण देसियं विऊ

३४

धम्माण कासवो मुहं

३५

सद्दहइ जिणभिहियं सो धम्मरुइ

३६

दुविहे धम्मे पन्नते सुअधम्मे चेव
चरित्त धम्मे चेव

३७

तिविहे भगवया धम्मे सुअहिज्जिए
सुज्झाइए सुतवस्सिए

३८

चत्तारिधम्मदारा खंति मुत्ति अज्जवे मद्दवे

३९

विणओ वि तवो पि धम्मो

४०

एगे चरेज्ज धम्मं

४१

समियाए धम्मे आरिएहि पवेइए

३३

विद्वान पुरुष जिनभगवान द्वारा उपदिष्ट धर्म का आचरण करे।

३४

धर्म का मुख ऋषभ देव स्वामी है।

३५

जिन वचनो मे श्रद्धा करनाय ही धर्म रूची है।

३६

दो प्रकार का धर्म कहा गया है श्रुत धर्म और चारित्र धर्म।

३७

भगवान ने तीन प्रकार का धर्म बतलाया है सम्यक् प्रकार से सूत्रादि का अध्ययन, सम्यक् प्रकार से ध्यान और सम्यक् तप।

३८

चार प्रकार के धर्म द्वार है क्षमा विनय सरलता और मृदुता।

३९

विनय एक स्वयं तप है और वह आभ्यन्तर तप होने से श्रेष्ठतम धर्म है।

४०

भले ही कोई सहयोग न दे, अकेले ही धर्म का आचरण करना चाहिए।

४१

आर्य महापुरुषो ने समभाव मे धर्म कहा है।

४२

धम्मे ठिओ अविमणेनिव्वाणमभिगच्छई

४३

धम्मोमंगल मुक्किठुं अहिंसा संजमो तवो
देवा वित्तं नमसन्ति जस्स धम्मेसयामणो ।।

४४

समय मूढ़े धम्मं नाभिजाणइ ।

४५

सोच्चा जाणइ कल्लाणं सोच्चा जाणइपावगं ।
उभयपि जाणइ सोच्चा जं सेयं तं समायरे ।।

४६

माणुस्स विग्गह लद्धुं सुई धम्मस्स दुल्लहा ।
जं सोच्चा पड़िवज्जति तव खंतिमहिसयं ।।

४७

जहापुण्णस्स कत्थइ तहा तुच्छस्स कत्थइ ।
जहा तुच्छस्स कत्थइ तहा पुणस्स कत्थई ।।

४८

जागरियाधम्मीणं, आहम्मीणं च सुत्तयासेया

४२

जो बिना किसी विमनस्कता से पवित्र चित्त से धर्म मे स्थित है वह निर्वाण को प्राप्त करता है।

४३

धर्म सर्वश्रेष्ठ मंगल है, धर्म का अर्थ है अहिंसा, संयम, और, तप। जिसका मन धर्म मे सदा रमा रहता है उसे देवता भी नमस्कार करते है।

४४

सदा विषय भोगो मे रहने वाला मनुष्य धर्म के तत्व को नही पहचान सकता।

४५

यह आत्मा सुनकर ही धर्म का मार्ग जानता है और सुनकर ही पाप का। दोनो मार्ग सुनकर ही जाने जाते हैं, जो श्रेयस्कर हो उसका आचरण करे।

४६

मनुष्य शरीर पाकर भी सद्धर्म का श्रवण दुर्लभ है जिसे सुन कर मनुष्य तप, क्षमा और अहिंसा को स्वीकार करते है।

४७

धर्मोपदेश जिस प्रकार धनवान के लिए है उसी प्रकार गरीब के लिए भी हैं। जिस प्रकार गरीब के लिए है उसी प्रकार धनवान के लिए भी है।

४८

धार्मिक पुरुपो का जागते.रहना अच्छा है और पापी लोगो का सोते रहना अच्छा है।

४९

चत्तारि परमगाणि दुल्लहाणीह जन्तुणो ।
माणुसत्त सुई सद्धा सजमम्मिय वीरियं ।।

५०

जा जा वच्चइ रयणी न सा पडिनियत्तई ।
धम्म च कुणमाणस्स सफला जति राइश्रो ।।

५१

जा जा वच्चइ रयणी न सा पडिनियत्तई ।
श्रहम्मं कुणमाणस्स श्रफला जति राइश्रो ।।

५२

जरा जाव न पोडेइ वाहो जाव न वड्ढइ ।
जार्विदिया न हायति ताव धम्म समायरे ।।

५३

श्रद्धाणं जो महन्त तु श्रप्पाहेश्रो पवज्जई ।
गच्छन्तो सो दुहिहोइ छुहा तण्हाए पिडिश्रो ।।

५४

एवं धम्मं श्रकाउण जो गच्छइ पर भवं ।
गच्छन्तो सो दुही होइ वाही रोगेहि पीड़िश्रो ।।

४९

संसार मे चार साधनो का मिलना दुर्लभ है,
मनुष्यत्व, धर्म, श्रवण, श्रद्धा और सयम मे पुरुपार्थ ।

५०

जो रात और दिन एक वार अतीत की ओर चले जाते हैं वे फिर कभी वापिस नही लौटते । जो मनुष्य धर्म करते है उसके वे रात दिन सफल हो जाते हैं ।

५१

जो रात और दिन एक वार अतीत की ओर चले जाते है वे कभी वापिस नही लौटते जो मनुष्य अधर्म पाप करता है उसके वे रात दिन निष्फल जाते हैं ।

५२

जव तक वुढापा नही सताता जव तक व्याधियाँ नही वढ़ती जव तक इन्द्रिया हीन अशक्त नही होती तव तक धर्म का आचरण कर लेना चाहिए ।

५३

जो पथिक विना पाथेय लिये ही लम्वी यात्रा पर चल पडता है, वह आगे जाता हुआ भूख तथा प्यास से पीडित हो कर अत्यन्त दु.खी होता है ।

५४

इसी प्रकार जो मनुष्य विना धर्माचरण किये परलोक जाता है वह भी वहाँ नाना प्रकार के आधिव्याधियो से पीड़ित होकर अत्यन्त दु.खी होता है ।

५५

अद्धाण जो महन्ततु सपाहे ओ पवज्जहे ।
गच्छन्तो सो सुही होइ छुआ तण्हा विवज्जिओ ॥

५६

एव धम्म पि काऊण जो गच्छइ परं भवं ।
गच्छन्तो सो सुही होइ अप्पकम्मे अवेयणे ॥

५७

जहा सागडिओ जाण सम्मं हिच्चा महापह ।
विसमभग्गमोइण्णो अक्खे भग्गम्मि सोयई ॥

५८

एवं धम्मं विउक्कम्म अहम पड़िवज्जिया ।
बाले मच्चुमुह पत्ते अक्खे भग्गेव सोयई ॥

५९

जहा य तिन्नि वाणिया मूल घेत्तूण निग्गया ।
एगोऽत्थ लहइ लाभं एगोमूलेण आगओ ॥

६०

एगो मूल पि हारित्ता आगओ तत्थ वाणिओ ।
ववहारे उवमा एसा एव धम्मे वियाणह ॥

५५

जो पथिक लम्बी यात्रा में अपने साथ पाथेय लेकर चलता है वह आगे चल कर भूख और प्लास से तनिक भी पीड़ित न होकर अत्यन्त सुखी होता है।

५६

इसी प्रकार जो मनुष्य भली-भाति धर्माचरण करके परलोक जाता है वह वहाँ जाकर लघुकर्मी तथा पीडा रहित होकर अत्यन्त सुखी होता है।

५७

जिस प्रकार मूर्ख गाड़ीवान जानता हुआ भी साफ मार्ग को छोड़कर विषममार्ग पर जाता है और गाड़ी की धुरी टूट जाने पर शोक करता है।

५८

उसी प्रकार अज्ञानी मानव भी, धर्म को छोडकर और अधर्म को ग्रहण कर अन्त में मृत्यु के मुंह मे पड़कर जीवन की धुरी टूटने पर शोक करता है।

५९

किसी समय तीन वणिक पुत्र मूल पूंजी लेकर धन कमाने निकले। उनमे से एक को लाभ हुआ, दूसरा अपनी मूल पूंजी ज्यो की त्यो बचा लाया।

६०

और तीसरा मूल को भी गवाकर वापस आया। यह व्यापार की उपमा है, इसी प्रकार धर्म के विषय मे भी जानना चाहिए।

६१

उत्तम धम्म सुई हु दुल्लहा

६२

गामे वा अदुवा रण्णे
नेव गामे नेव रण्णे धम्ममायाणह

६३

सोही उज्जुअभूयस्स धम्मो शुद्धस्स चिट्ठई

६४

एगा धम्म पड़िमा जं से आया पज्जवजाए

६५

पन्ना समिक्खए धम्मं

६६

विन्नाणेण समागम्म धम्म साहणमिच्छिउं

६७

पच्चयत्थं च लोगस्स नाणविह विगप्पणं

६१

उत्तम धर्म का श्रवण मिलना निश्चय ही दुर्लभ है।

६२

धर्म गाव मे भी हो सकता है और जंगल मे भी, वस्तुतः धर्म न कही गांव में होता है और न कही जगल मे ही किन्तु वह तो अन्तरात्मा मे होता है।

६३

सरल आत्मा की शुद्धि होती है और शुद्ध आत्मा मे ही धर्म स्थिर रह सकता है।

६४

धर्म ही एक ऐसा पवित्र अनुष्ठान है जिससे आत्मा का शुद्धि करण होता है।

६५

साधक की अपनी प्रज्ञा ही समय पर धर्म की समीक्षा कर सकती है।

६६

विवेक ज्ञान से ही धर्म के साधनो का निर्णय होता है।

६७

धर्मों के वेष आदि के नाना विकल्प जन साधारण मे परिचय के लिए है।

अहिंसा

६८

दाणाण सेट्ठं अभयप्पयाणं

६९

एवं खु नाणिणो सारं जं न हिंसइ किंचण

७०

अहिंसा निउणा दिट्ठा

७१

न हणे णो विघायए

७२

तसे पाणे न हिंसिज्जा

७३

सव्वेसिं जीवियं पियं

७४

पाणेय नाइ वाएज्जा
निज्जाइ उदगं व थलाओ

७५

न हिंसए किंचण सव्वलोए

अहिंसा

६८

दान मे सर्वश्रेष्ठ अभयदान है।

६९

।।नी के लिए यही सार है कि वह किसी की भी हिंसा न करे।

७०

अहिंसा निपुण यानी अनेक प्रकार के सुखों को देने वाली है।

७१

न तो मारे और न घात करें।

७२

त्रस प्राणियो की हिंसा मत करो।

७३

सभी को अपना जीवन प्यारा है।

७४

जो प्राणियों की हिंसा नही करता है उसके कर्म इस प्रकार दूर हो जाते हैं जैसे कि ढालू ज़मीन से पानी दूर हो जाता है।

७५

सम्पूर्ण लोक मे किसी की भी हिंसा मत कर।

७६

न य वित्तासए परं

७७

दयाधम्मस्स खंतिए विप्पसीएज्ज मेहावी

७८

न हणे पाणिणो पाणे

७९

विरए वहाओ

८०

मुणी ! महब्भयं नाइ वाइज्ज कंचण

८१

अणुपुव्व पाणेहिं संजए

८२

अभय दाया भवाहि

८३

धम्मे ठिओ सव्व पयाणुकम्पी

८४

ताइणो परिणिव्वुडे

७६

दूसरो को त्रास मत दो

७७

मेधावी दयाधर्म के लिए क्षमाशील होता हुआ अपनी आत्मा को प्रसन्न करे।

७८

प्राणियो के प्राणो को मत हरो।

७९

हिंसा से विरत बने।

८०

हे मुनि! किसी की भी हिंसा मत कर, इसमे महान भय रहा हुआ है।

८१

प्राणियो के साथ क्रम से सयमशील हो।

८२

अभय दान देने वाले बनो।

८३

धर्म मे स्थित होते हुए सभी जीवो पर अनुकम्पा करने वाले बनो।

८४

अभय दान देने वाले ससार से पार उतर जाते है।

८५

तसकाय समारम्भं जाव जीवाइं वज्जए

८६

एसखलु गंथे एस खलु मोहे
एस खलु मारे एस खलु णरए

८७

अप्पेगे हिंसिसु मेत्तिवा वहंति
अप्पेगे हिंसंति मेत्तिवा वहंति
अप्पेगे हिंसिस्संति मेत्तिवा वहंति

८८

आरम्भज दुक्खमिणं

८९

आयओ वहिया पास

९०

अत्थिसत्थं मरेण परं
नत्थि असत्थं परेण पर

९१

सेहु पन्नाणमते बुद्धे आरंभो वरए

८५

त्रस काय का समारम्भ जीवन पर्यंत के लिए छोड़ दो।

८६

यह हिंसा ही निश्चय बंधन है, मोह है, यही मृत्यु हैं
और नरक है।

८७

'इसने मुझे मारा' कुछ लोग इस विचार से हिंसा करते है,
'यह मुझे मारता है' कुछ लोग इस विचार से हिंसा करते हैं,
'यह मुझे मारेगा' कुछ लोग इस विचार से हिंसा करते हैं।

८८

यह सब दु ख हिंसा मे से उत्पन्न होता है।

८९

अपने समान ही बाहर दूसरो को देखे।

९०

हिंसा एक से एक बढ़कर है, परन्तु अहिंसा ऐक से एक बढ़कर नही है अर्थात् अहिंसा की साधना से बढकर श्रेष्ठ दूसरी कोई साधना नही।

९१

जो हिंसा से उपरत हैं वही प्रज्ञावान बुद्ध हैं।

९२

वय पुण एव माइक्खामो
एव भासामो, एवं परुवेमो
एवं पण्णवेमो, सव्वे पाणा
सव्वे भूया, सव्वे जीवा
सव्वे सत्ता, न हतव्वा
न अज्जावेयव्वा
न परिघेतव्वा
न पारियावेयव्वा
न उद्दवेयव्वा इत्थं
विजाणह नत्थिव्व दोसो
आरियवयणमेय

९३

पुव्वं निकाय समय पत्तेय
पत्तेय पुच्छिस्सामि,
ह भो पवाइया।
किं भे सायं दुक्खं असायं ?
समिया पडिवण्णे
या वि एव बूया
सव्वेसिं पाणाण
सव्वेसिं भूयाण सव्वेसिं
जीवाण,, सव्वेसिं सत्ताणं
असायं अपरिनिव्वाणं
महब्भय दुक्खं

९२

हम ऐसा कहते हैं, ऐसा बोलते है, ऐसी प्ररुपणा करते हैं, ऐसी प्रज्ञापना करते है, कि किसी भी प्राणी किसी भी भूत किसी भी जीव और किसी भी सत्व को न मारना चाहिए न उन पर अनुचित शासन करना चाहिए न उनको गुलामो की तरह पराधीन बनाना चाहिए, न उन्हे परिताप देना चाहिए और न उनके प्रति किसी प्रकार का उपद्रव करना चाहिए। उक्त अहिंसा धर्म मे किसी प्रकार का दोप नही है यह ध्यान मे रखिए, अहिंसा पवित्र सिद्धान्त है।

●

९३

सर्व प्रथम विभिन्न मत मतान्तरो के प्रतिपाद्य सिद्धान्त को जानना चाहिए और फिर हिंसा प्रतिपाद्य मतवादियो से पूछना चाहिए कि हे! प्रवादियो तुम्हे सुख प्रिय है या दुख? हमे दुख अप्रिय है, सुख नही—यह सम्यक् स्वीकार कर लेने पर उन्हे स्पष्ट कहना चाहिए कि तुम्हारी तरह विश्व के समस्त प्राणीजीव भूत और सत्वो को भी दुख अशान्ति देने वाला है, महाभय का कारण है और दुख रूप है।

६४

तुमसि नाम त चेव ज हतव्व ति मन्नसि,
तुमसि नाम त चेव ज अज्जावेयव्व
तं मन्नसि, तुमसि नाम त चेव
ज परियावेयव्व ति मन्नसि ।

६५

जे वऽन्ने एएहिं काएहिं
दडं समारभति तेसिं
पि वय लज्जामो

६६

तमाओ ते तम जति
मदा आरभ निस्सिया

६७

वेराइं कुव्वई वेरी
तओ वेरेहिं रज्जतो

६८

ते आत्तओ पासइ सव्वलोए

६९

भूएहिं न विरुज्झेज्जा

९४

जिसे तूं मारना चाहता है वह तूं ही है, जिसे तूं शासित करना चाहता है वह तूं ही है, जिसे तूं परिताप देना चाहता है, वह तू ही है।

९५

यदि कोई अन्य व्यक्ति भी धर्म के नाम पर जीवो की हिंसा करते हैं तो हम इससे भी लज्जानुभूति करते हैं।

९६

हिंसा मे लगे हुए अज्ञानी जीव अन्धकार से अन्धकार की ओर जा रहे हैं।

९७

वैर वृत्ति वाला जब देखो तब वैर ही करता रहता है वह वैर को बढाने मे रस लेता है।

९८

तत्त्वदर्शी समग्र प्राणिजनो को अपनी आत्मा के समान देखता है।

९९

किसी भी प्राणी के साथ वैर विरोध न बढावे।

१००

किंभया पाणा ? दुक्खभया पाणा
दुक्खे केण कडे जीवेणं कडे पमाएणं

१०१

एगं अन्नयर तस पाण हणमाणे
अणेगे जीवे हणइ

१०२

एग इसिं हणमाणे अणंते जीवे हणइ

१०३

अट्ठा हणंति अणट्ठा हणंति

१०४

कुद्धा हणंति, लुद्धा हणंति, मुद्धा हणंति

१०५

न य अवेदयित्ता अत्थिहु मोक्खो

१००

प्राणि किससे भय पाते हैं ?
दु ख से
दु·ख किसने किया है ?
स्वयं आत्मा ने अपनी ही भूल से।

१०१

एक त्रस जीव की हिंसा करता हुआ आत्मा तत्संवन्धी अनेक जीवो की हिंसा करता है।

१०२

एक अहिंसक ऋषि की हिंसा करने वाला एक प्रकार से अनन्त जीवो की हिंसा करने वाला होता है।

१०३

कुछ लोग प्रयोजन से हिंसा करते हैं और कुछ लोग विना प्रयोजन भी हिंसा करते हैं।

१०४

कुछ लोग क्रोध से हिंसा करते हैं
कुछ लोग लोभ से हिंसा करते हैं
कुछ लोग अज्ञान से हिंसा करते है।

१०५

हिंसा के कटु फल को भोगे विना छुटकारा नही।

१०६

पाणवहो चण्डो रुद्दो खुद्दो
अणारियो निग्घिणो निसंसो महब्भयो

१०७

अहिंसा तस थावर सव्वभूय खेमकरी

१०८

भगवती अहिंसा भीयाणं विव सरणं

१०९

अहिंसा निउणा दिट्ठा सव्वभूएसु संजमो

११०

सव्वे जीवा वि इच्छंति जीविउँ न मरिज्जिउं

१११

नय वित्तासए परं

११२

वेराणुबद्धा नरयं उवेंति

१०६

हिंसा चण्ड है, रौद्र है, क्षुद्र है अनार्य है,
करुणा रहित है क्रूर है और महा भयकर है।

१०७

अहिंसा त्रस और स्थावर सब प्राणियो को कुशल क्षेम
करने वाली है।

१०८

जैसे भयाक्रान्त के लिए शरण की प्राप्ति हितकर है।
वैसे ही प्राणियो के लिए भगवती अहिंसा हितकर है।

१०९

सब प्राणियो के प्रति स्वयं को सयत रखना यही अहिंसा
का पूर्ण दर्शन है।

११०

समस्त प्राणी सुख पूर्वक जीना चाहते हैं
मरना कोई नही चाहता।

१११

किसी भी जीव को कष्ट नही देना चाहिए।

११२

जो वैर की परम्परा को लम्बा किया करता है वह
नरक को प्राप्त होता है।

११३

न हणे पाणिणो पाणे भय वेराओ उवराए

११४

अणिच्चे जीव लोगम्मि किं हिंसाए पसज्जसि ?

११५

सव्वेपाणा परमाहम्मिया

११६

आयतुले पयासु

११७

मेत्ति भूएसु कप्पए

११८

भूएहिं न विरुज्झेज्जा।

११३

जो भय और वैर से मुक्त हैं वे किसी भी प्राणी की हिंसा नही करते हैं।

११४

जीवन अनित्य है क्षण भगुर है फिर क्यो हिंसा मे आसक्त होते हो ?

११५

सभी प्राणी सुख के अभिलापी है।

११६

प्राणियो के प्रति आत्मतुल्य भाव रक्खो

११७

समस्त जीवो पर मैत्री भाव रक्खो

११८

किसी भी प्राणी के साथ वैर विरोध न वढावे।

सत्य

११९

सच्चंमि धिइं कुव्विहा

१२०

पुरिसा ! सच्चमेव समभिजाणाहि

१२१

सहिओ दुक्खमत्ताए पुट्ठो नो झंझाए

१२२

सच्चस्स आणाए उवट्ठिए मेहावी मारं तरइ

१२३

जे ते उ वाइणो एव न ते ससारपारगा

१२४

सच्चेसु वा अणवज्ज वयंति

१२५

सादिय न मुसं वया

सत्य

११९

सत्य में दृढ रहो ।

१२०

हे मानव! एक मात्र सत्य को ही अच्छी तरह जान ले, परख ले ।

१२१

सत्य की साधना करने वाला साधक सब ओर दुःखो से घिरा रहकर भी घबराता नही ।

१२२

जो मेधावी साधक सत्य की आज्ञा मे उपस्थित रहता है, वह मृत्यु के प्रवाह को तैर जाता है ।

१२३

जो असत्य की प्ररूपणा करते हैं वे संसार सागर को पार नही कर सकते ।

१२४

सत्य वचनो मे भी हिंसा रहित सत्य वचन श्रेष्ठ है ।

१२५

मन मे कपट रखकर झूठ मत बोलो

१३४

सच्चंपि संजमस्स उवरोह
कारकं किंचि वि न वत्तव्व

१३५

अप्पणो थवणा परेसु निंदा

१३६

कुद्धो सच्चं शील विणयं हणेज्ज

१३७

अणुमायं पि मेहावि मायामोसं विवज्जए

१३८

मुसावाओउ लोगम्मि सव्वसाहूहि गरहिओ

१३९

सच्चा विसा न वत्तव्वा जओ पावस्स आगओ

१४०

अप्पणा सच्च मेसेज्जा

१४१

भासियव्वं हिय सच्च

१३४

सत्य भी यदि संयम का घातक हो तो नही बोलना चाहिए।

१३५

अपनी प्रशसा तथा दूसरो की निन्दा भी असत्य के समकक्ष है।

१३६

क्रोध मे अधा हुआ व्यक्ति सत्य शील और विनय का नाश कर देता है।

१३७

आत्मविद साधक अणुमात्र भी, माया और असत्य का सेवन न करे।

१३८

विश्व के सभी सत्पुरुषो ने असत्य की निंदा की है।

१३९

ऐसा सत्य भी न बोलना चाहिए जिससे किसी प्रकार का पाप का आगमन होता हो।

१४०

अपनी स्वय की आत्मा के द्वारा सत्य का अनुसधान करो।

१४१

सदा हितकारी सत्य वचन बोलना चाहिए।

१२६

से दिट्ठिमं दिटिठ न लूसएज्जा

१२७

अलियवयण अयसकरं वेरकरगं
मणसकिलेसवियरणं

१२८

असंत गुणुदीरका य संत गुण नासकाय

१२९

सच्चं सभासक भवति सबभावाणं

१३०

त सच्चं खु भगवं

१३१

सच्चं लोगम्मि सारभूय गभीरतरं महासमुद्दाओ

१३२

सच्च सोमत्तर चंद मंडलाओ दित्ततरं सुरमंडला

१३३

सच्चं च हियं च मियं च गाहणं च

१२६

सम्यग्दृष्टि साधक को सत्य दृष्टि का अपलाप नही करना चाहिए।

१२७

असत्य वचन बोलने से बदनामी होती है परस्पर वैर बढता है और मन मे संक्लेश की वृद्धि होती है।

१२८

असत्यभाषी लोग, गुणहीन के लिए गुणो का बखान करते हैं और गुणी के वास्तविक गुणो का अपलाप करते है।

१२९

सत्य समस्त भावो तथा विषयो का प्रकाश करने वाला है।

१३०

सत्य ही भगवान है।

१३१

ससार मे सत्य ही सारभूत है सत्य महासमुद्र से भी अधिक गभीर है।

१३२

सत्य चन्द्र मण्डल से भी अधिक सौम्य है, सूर्य मण्डल से भी अधिक तेजस्वी है।

१३३

ऐसा सत्य वचन बोलना चाहिए जो हित मित और ग्राह्य हो।

१४२

लुद्धो लोलो भणेज्ज अलियं

१४३

मुसं परिहरेभिक्खू

१४४

मातिट्ठाण विवज्जेज्जा

१४५

मूसं न बूयामुणि अत्तगामी

१४६

हिंसगं न मुसं बूआ

१४७

सच्चे तत्थ करेज्जु वक्कमं

१४८

मुसाभान्सानिरत्थिया

१४९

सावज्ज न लवे मुणी

१५०

अप्पणट्ठा परट्ठा, वा, कोहा वा जइ वा भया
हिंसगं न मुस बूया, नो वि अन्न वयावए

१५१

तहेव फरुसा भासा गुरु भू ओवा घइणी

१४२

मनुष्य लोभ से प्रेरित होकर असत्य बोलता है।

१४३

भिक्षु असत्य का परिहार करदे।

१४४

छल कपट के स्थान को छोड़िये।

१४५

आत्मा को मोक्ष में ले जाने की इच्छावाला मुनि झूठ नही बोले।

१४६

हिंसा पैदा करने वाला झूठ मत बोलो।

१४७

जो सत्य हो उसी मे पराक्रम करो।

१४८

असत्य भाषा निरर्थक है।

१४९

मुनि पाप कारी भाषा नही बोले।

१५०

निर्ग्रन्थ अपने स्वार्थ के लिए या दूसरो के लिए क्रोध से या भय से किसी प्रसंग पर दूसरो को पीड़ा पहुँचाने वाला सत्य या असत्य वचन न तो स्वय बोले न दूसरो से बुलवाये।

१५१

जो भाषा कठोर हो और दूसरो को पीडा पहुँचाने वाली हो वैसी भाषा न बोले।

१५२

सच्चेण महासमुद्दमज्झे वि चिट्ठन्ति न निमज्जति

१५३

सच्चं जसस्स मूलं

१५४

सच्चं विस्सासकारण परम

१५५

सच्च सग्ग द्वार

१५६

सच्च सिद्धिइ सोपाणं

१५७

नलवे असाहु साहुत्ति साहु साहुत्ति आलवे

१५८

ओह तहियं फरुसं वियाणे

१५९

मणुयगणाणं वंदणिज्जं अमरगणाणं अच्चणिज्जं

१६०

सया सच्चेण सम्पन्ने मेत्ति भूएसु कप्पए

१५२

सत्य के प्रभाव से मनुष्य महासमुद्र मे भी सुरक्षित रहते है डूबते नही।

१५३

सत्य यश का मूल है।

१५४

सत्य विश्वास का परम कारण है।

१५५

सत्य स्वर्ग का द्वार है।

१५६

सत्य ही सिद्धि का सोपान है।

१५७

किसी स्वार्थ या दवाव के कारण असाधु को साधु नही कहना चाहिए, साधु को ही साधु कहना चाहिए।

१५८

सत्य वचन भी यदि कठोर हो तो वह मत वोलो।

१५९

सत्य मनुष्यो द्वारा स्तुत्य तथा देवो द्वारा अर्चनीय है।

१६०

जिसकी अन्तरात्मा सदा सत्य भावो से सम्पन्न है उसे विश्व के प्राणीमात्र के साथ मित्रता रखनी चाहिए।

अस्तेय

१६१

अणुन्नविय गेण्हियव्वं

१६२

अदिन्नादाणाओ विरमण

१६३

लोभाविले आययई अदत्तं

१६४

दन्तसोहणमाइस्स अदत्तस्स विवज्जणं

१६५

असंविभागी न हु तस्स मोक्खो

१६६

परदव्व हरा नरा निरणुकंपा निरवेक्खा

१६७

परसंतिगऽभेज्जलोभमूलं

अस्तेय

१६१

किसी भी चीज़ को आज्ञा लेकर ग्रहण करनी चाहिए ।

१६२

चोरी से दूर रहो ।

१६३

जब व्यक्ति लोभ से अभिभूत होता है तब चौर्य कर्म के लिए प्रवृत्त होता है ।

१६४

अस्तेय व्रत मे निष्ठा रखने वाला व्यक्ति बिना किसी कि अनुमति के यहा तक कि दात कुरेदने के लिए तिनका भी नही लेता ।

१६५

जो सविभागी प्राप्त सामग्री को साथियो मे बांटता नही है उसकी मुक्ति नही होती है ।

१६६

दूसरो का धन हरण करने वाले मनुष्य निर्दय एव परभव की उपेक्षा करने वाले होते हैं ।

१६७

पर धन मे गृद्धि का मूल हेतु लोभ है और यही चौर्य कर्म है ।

१६८

संविभाग सीले, संगहोवग्गहकुसले
से तारिसए आराहए वयमिणं

१६९

असंविभागी, असगहरुई···अप्पमाणभोई··
से तारिसए ताराहए वयमिण

१७०

तइयं च अदत्तादाणं हरदहमरण भयकलुस
तासण परसतिमऽभेज्ज लोभमूलं··· ········
अकित्तिकरण अणज्जं ·····साहुगरहणिज्जं
पियजणमित्रजण भेद विप्पीतिकारकं रागदोसवहुलं

१७१

रुवे अतित्तो य परिग्गहे य
सत्तोवसत्तो न उवेइ तुट्ठि
अतुट्ठिदोसेण दुही परस्स
लोभाविले आययई अदत्तं

१६८

जो सविभागशील है, संग्रह और उपग्रह में कुशल है वही अस्तेयव्रत की सम्यक आराधना कर सकता है।

१६९

जो असविभागी है, असग्रहरुचि है, अप्रमाण भोगी है, वह अस्तेय व्रत की सम्यक आराधना नही कर सकता है।

१७०

तीसरा अदत्ता दान; दूसरो के हृदय को दाह पहुँचाने वाला, मरण भय पाप कष्ट तथा पर द्रव्य की लिप्सा का कारण तथा लोभ का कारण है। यह अपयश का कारण है, अनार्य कर्म है, सन्त पुरुषो द्वारा निन्दित है, प्रियजन और मित्रजनो मे भेद करने वाला है, तथा अनेकानेक रागद्वेष को उत्पन्न करने वाला है।

१७१

जो रूप मे अतृप्त होता है उसकी आसक्ति बढती ही जाती है इसलिए उसे सन्तोष नही होता है। असन्तोष के दोप से दुखित होकर वह दूसरे की सुन्दर वस्तुओ का लोभी बनकर उन्हे चुरा लेता है।

१७२

चित्तमंतमचित्त वा अप्पं वा जइ वा बहु
दन्त सोहणमित्तं पि उग्गहं से अनाइया
त अप्पणा न गिण्हन्तिनो, विगिण्हावए परं
अन्नं वा गिण्हमाणंपि नाणु जाणंति संजया

१७३

अदत्तादाण अकित्तिकरणं
अणज्ज सया साहुगरहणिज्जं

१७४

अदिन्नमन्नेसु य णो गहेज्जा

१७२

सचित्त पदार्थ हो, या अचित्त, अल्प मूल्य वाला पदार्थ हो या वहुमूल्य, और तो क्या ? दात कुरेदने की शलाका भी जिस गृहस्थ के अधिकार मे हो, उसकी विना आज्ञा प्राप्त किए पूर्ण संयमी साधक न तो स्वय ग्रहण करते हैं, न दूसरो को ग्रहण करने के लिए उत्प्रेरित करते है।

१७३

अदत्तादान चोरी अपयश करने वाला अनार्य कर्म है। यह सभी भले आदमियों द्वारा सदैव निन्दनीय है।

१७४

विना दी हुयी किसी की कोई भी चीज़ नही लेना चाहिए।

ब्रह्मचर्य

१७५

नाइमत्तपाण भोयणभोई से निग्गं थे

१७६

तवेसुवा उत्तम बंभचेरं

१७७

तम्हा उवज्जए इत्थी
विसलित्तं व कण्टगतच्चा

१७८

णो पाण भोयणस्स अतिभत्तं
आहारए सया भवई

१७९

बभचेर उत्तमतवनियम णाणदसण
चरित्तसम्मत्त विणय मूल

१८०

जमिय भग्गमि होई सहसा सव्व भग्ग ज मिय
आराहियमि आराहिय वयमिण सव्वं

ब्रह्मचर्य

१७५

जो आवश्यकता से अधिक भोजन नही करता, वही ब्रह्मचर्य का साधक सच्चा निर्ग्रन्थ है ।

१७६

तपों मे सर्वोत्तम ब्रह्मचर्य तप है

१७७

ब्रह्मचारी स्त्रीसंसर्ग को विपलिप्त कण्टक के समान मानकर उससे वचता रहे ।

१७८

ब्रह्मचारी को कभी अधिक मात्रा मे भोजन नही करना चाहिए ।

१७९

ब्रह्मचर्य, उत्तम तप, नियम, ज्ञान, दर्शन, चारित्र, सम्यक्त्व और विनय का मूल है ।

१८०

एक ब्रह्मचर्य के नष्ट होने पर सहसा अन्य सब गुण नष्ट हो जाते हैं । एक ब्रह्मचर्य की आराधना कर लेने पर, सब शील, तप विनय आदि व्रत आराधित होते हैं ।

१८१

अणेगा गुणा अहीणा भवति एक्कम्मि बंभचेरे

१८२

स एव भिक्खू जो सुद्धं चरइ बंभचेरं

१८३

देव दाणवगंधव्वा जक्ख रक्खस्स किन्नरा ।
बंभयारिं नमसंति दुक्करं जे करंति ते ।।

१८४

इत्थिओ जे ण सेवंति आइ मोक्खा हु ते जणा

१८५

न तं सुहं काम गुणेसु रायं
जं भिक्खुणं सील गुणे रयाणं

१८६

विभूसं परिवज्जेज्जा सरीर परिमंडणं ।
बंभचेर रओ भिक्खू सिंगारत्थं न धारए ।।

१८७

सद्दे रूवे य गन्धे रसे फासे तहे वय
पंचविहे कामगुणे निच्चसोपरिवज्जए

१८१

ऐक ब्रह्मचर्य की साधना से अनेक गुण स्वतः अधीन हो जाते हैं ।

१८२

जो शुद्ध भाव से ब्रह्मचर्य पालन करता है, वस्तुतः वही भिक्षु है।

१८३

देवता, दानव, गधर्व यक्ष, राक्षस और किन्नर सभी ब्रह्मचर्य के साधक को नमस्कार करते है क्योकि वह एक वहुत दुष्कर कार्य है ।

१८४

जो पुरुष स्त्रियो का सेवन नही करते, वे मोक्ष प्राप्ति मे सवसे अग्रसर है ।

१८५

जो सुख, शील-गुण मे रत भिक्षुओं को प्राप्त होता है, वह सुख, काम भोगो मे राग रखने से नही मिल सकता ।

१८६

ब्रह्मचर्य-साधनारत साधक-भिक्षु शृंगार का वर्जन करे और शरीर को शोभा सज्जात्मक शृंगार धारण न करे ।

१८७

ब्रह्मचारी शब्द, रूप, गन्ध, रस और स्पर्श इन पाच प्रकार के काम गुणो का सदा त्याग करे ।

१८८

जहा कुम्मे सअंगाइं सए देहे समाहरे।
एवं पावाइं मेहावी अज्झप्पेण समाहरे ॥

१८९

रसापगामं न निसेवियव्वा पायंरसादित्तिकरा नराणं।
दित्तं च कामा समभिद्दवंति दुमं जहा साउफलं व पक्खी ॥

१९०

लद्धे कामे ण पत्थेज्जा

१९१

बम्भयारिस्स इत्थी विग्गहओ भयं

१९२

नाइमत्तं तु भुंजिज्जा बम्भचेररओ

१९३

णो निग्गथं इत्थीणं पुव्वरयं
पुव्वकीलियं अणुसरेज्ज

१९४

संमिरूम भावं पयहे पयासु

१८८

जिस प्रकार कछुआ अपने अगो को अन्दर सिकोड़ कर भय-मुक्त हो जाता है, उसी प्रकार साधक अध्यात्मयोग के द्वारा अन्तरात्माभिमुख होकर अपने आप को विपयो से वचाये रखे ।

१८९

ब्रह्मचारी को घी और दूध आदि रसो का सेवन नही करना चाहिए । क्योकि रस प्राय: उद्दीपक होते हैं, उद्दीत पुरुष के निकट काम वासना वैसे ही चली जाती है, जैसे स्वादिष्ट फल वाले वृक्ष के पास पक्षी चले आते हैं ।

१९०

भोगो के प्राप्त होने पर भी उनकी इच्छा नही करे ।

१९१

ब्रह्मचारी के लिए स्त्री के शरीर से भय रहता है ।

१९२

ब्रह्मचर्य मे रत होता हुआ अतिमात्रा मे भोजन नही करे ।

१९३

साधु स्त्रियो के साथ पूर्वकाल मे भोगे हुए भोगो को याद होने नही करे ।

१९४

वैराग्य भावना से श्रेष्ठ धर्म रूप श्रद्धा उत्पन्न होती है ।

१९५

विसएसु मणुन्नेसु पेमं नाभि निवेसए

१९६

नारीसु नोव गिज्झेज्जा धम्मं च पेसलं णच्चा।

१९७

नय रुवेसु मणं करे

१९८

निव्विण्ण चारी अरए पयासु

१९९

विरते सिणाणाइसु इत्थिया सु

२००

इत्थि निलयस्स मज्झे न बम्भयारिस्स खमो निवासो

२०१

गुत्तिदिए गुत्त बम्भयारी सया अप्पमत्ते विहरेज्ज

२०२

सव्विदियाभिनिव्वुडे पयासु

२०३

इत्थि याहिं अणगारा सवासेण णासमुवयंति

१९५

मन के चाहे हुए विषयों मे मोह का आग्रह मत करो, मोहग्रस्त न बनो।

१९६

साधक धर्म को सुन्दर समझ कर, स्त्रियो का लोभ नही करे।

१९७

रूप विषयों में मन को न लगाओ।

१९८

वैराग्यशील होकर स्त्रियो के प्रति रतिभावना नही लाए।

१९९

स्नान आदि शृंगारिक कार्यों से और स्त्रियो से विरक्त रहो।

२००

स्त्रियो के निवास स्थल पर ब्रह्मचारी का निवास क्षम्य नही है।

२०१

जितेन्द्रिय और गुप्तब्रह्मचारी सदा अप्रमादी होकर ही विचरे।

२०२

स्त्रियो से सभी इन्द्रियो द्वारा दूर ही रहना चाहिए।

२०३

अणगार स्त्रियो के साथ सहवास करने से नष्ट होते है।

२०४

जा जा दिच्छसि नारीओ अट्ठि अप्पा भविस्ससि

२०५

न चरेज्ज वेस सामंते

२०६

अरए पयासु

२०७

अविवास सयं नारी बम्भयारी विवज्जए

२०८

थी कह तु विवज्जए

२०९

जे विन्नवणा हिऽज़ोसिया सतिन्नेहिं समं वियाहिया

२१०

सुबंभचेरं वसेज्जा

२११

उग्ग महव्वयं, धारेयव्वं सुदुक्करं

२१२

कुसीलवड्ढणं ठाणं दूरओ परिवज्जए

२०४

काम भावना से जिन जिन नारियो की और देखोगे, उतनी ही वार आत्मा अस्थिर होगी ।

२०५

वेश्या के मकान के पास नही जाए ।

२०६

स्त्रियो से विरक्त रहना चाहिए ।

२०७

ब्रह्मचारी सौ वर्ष की आयु वाली स्त्री से भी दूर ही रहे ।

२०८

स्त्रीकथा को सर्वथा छोड दो ।

२०९

जो स्त्रियो द्वारा सेवित नही हैं, वे सिद्ध पुरुषो के समान ही कहे गए हैं।

२१०

सुब्रह्मचर्य रूप धर्म मे रहे यानी ब्रह्मचर्य का पालन करे ।

२११

जो उग्र है महाव्रत हैं सुदुष्कर है, ऐसे ब्रह्मचर्य को धारण करना चाहिए ।

२१२

कुशील के बढाने वाले स्थान को दूर ही से छोड दो ।

२१३

दुक्खं बंभवय घोर

२१४

मूलमेयमहम्मस्स, महादोस समुस्सय

२१५

दुज्जए कामभोगे य, निच्चसो परिवज्जए

२१६

जे गुणे से आवट्टे, जे आवट्टे से गुणे

२१३
उग्र ब्रह्मचर्य व्रत का धारण करना अत्यन्त कठिन है।

२१४
अब्रह्मचर्य अधर्म का मूल है, महादोषो का स्थान है।

२१५
स्थिरचित्त भिक्षु दुर्जय काम भोगो को हमेशा के लिए छोड दे।

२१६
इन्द्रियो के लिए जो शब्दादि विषय कामगुणात्मक है, वे ससार मे भँवर के समान हैं। अत. कामगुणात्मक इन्द्रियो के विषयो से दूर रहना चाहिए।

अपरिग्रह

२१७

बहुं पि लद्धुं न निहे, परिग्गहाओ अप्पाणं अवसक्किज्जा

२१८

परिग्गह निविट्ठाण वेरं तेसि पवड्ढई

२१९

लोभ कलि कसाय महक्खंधो
चितासय निचिय विपुल सालो

२२०

नत्थि एरिसो पासो पडिबंधो
अत्थि सव्व जीवाणं सव्वलोए

२२१

अपरिग्गह संवुडेण लोगमि विहरियव्व

२२२

अणुन्नविय गेण्हियव्वं

२२३

मुच्छा परिग्गहो वुत्तो

अपरिग्रह

२१७

अधिक मिलने पर भी सग्रह न करे। परिग्रह वृत्ति से अपने को दूर रखें।

२१८

जो परिग्रह मे व्यस्त हैं वे संसार में अपने प्रति वैर ही बढ़ाते है

२१९

परिग्रह रूप वृक्ष के स्कन्ध है लोभ, क्लेष, कषाय तथा चिंता रूपी सैकडो ही सघन और विस्तीर्ण उसकी शाखाए हैं।

२२०

समूचे ससार मे परिग्रह के समान प्राणियो के लिए दूसरा कोई जाल एव वन्धन नही है।

२२१

अपने को अपरिग्रह भावना से सवृत्त कर लोक मे विचरण करना चाहिए।

२२२

दूसरे की कोई भी चीज़ हो आज्ञा लेकर ग्रहण करनी चाहिए।

२२३

मूर्छाभाव ही परिग्रह कहा गया है।

२२४

सव्वारम्भ परिच्चागो निम्ममत्तं

२२५

वित्तेण ताणं न लभे पमत्ते
इमम्मि लोए अदुवा परत्था

२२६

नत्थि एरिसो पासो पडिबंधो अत्थि
सव्व जीवाणं सव्वलोए

२२७

इच्छा हु आगास समा अणंतिया

२२८

धणधन्न पेसवग्गेसु परिग्गह विवज्जणं
सव्वारम्भ परिच्चाओ निम्ममत्तं सुदुक्कर

२२९

जयानिव्विदए भोए जे दिव्वे जे य माणुसे
तया चयइ संजोग सब्भितर बाहिरं

२३०

जपि वत्थ च पाय वा कंबल पाय पुच्छण
जं पि सजम लज्जट्ठा धारति परिहरति य

२२४

सभी प्रकार के आरम्भ का परित्याग करना ही निर्ममत्व है।

२२५

प्रमत्त पुरुष धन के द्वारा न तो इस लोक मे अपनी रक्षा कर सकता है और न परलोक में ही।

२२६

विश्व के सभी प्राणियो के लिए परिग्रह के समान दूसरा कोई जाल नही, वन्धन नही।

२२७

इच्छा आकाश के समान अनन्त है।

२२८

धन धान्य नौकर चाकर आदि का परिग्रह त्यागना, सर्व हिंसात्मक प्रवृत्तियो को छोडना और निरपेक्ष भाव से रहना यह अत्यन्त दुष्कर है।

२२९

जव मनुष्य दैविक और मनुष्य सम्वन्धी भोगो से विरक्त हो जाता है, तव वह आभ्यन्तर और वाह्य परिग्रह को छोडकर आत्म-साधना मे जुट जाता है।

२३०

जो भी वस्त्र पात्र कम्वल और रजोहरण हैं उन्हे मुनि सयम और लज्जा की रक्षा के लिए ही रखते है किसी समय वे सयम की रक्षा के लिए इनका परित्याग भी करते हैं।

२३१

जे पाव कम्मेहिं धणं मणूसा
समाययन्ती अमयं गहाय
पहाय ते पास पयट्ठिए नरे
वेराणु बद्धा नरयं उवेति

२३२

जस्सि कुले समुप्पन्ने जेहि वा संवसे नरे
ममाइ लुप्पई वाले अन्ने अन्नेहिं मुच्छिए

२३३

कसिणपि जो इमलोय
पडिपुण्णं दलेज्ज इक्कस्स
तेणाऽवि से न संतुस्से
इइ दुप्पूरए इमे आया

२३४

विडमुब्भेइमं लोणं तेल्ल सप्पि च फाणिय
न ते सन्निहिमिच्छन्ति नायपुत्त वओरया

२३५

जे सिया सन्निहिकामे गिही पव्वइए न से

२३१

जो मनुष्य धन को अमृत मानकर अनेक पाप कर्मों द्वारा उसका उपार्जन करते हैं वे धन को छोड़कर मौत के मुंह मे जाने को तैयार हैं। वे वैर से बंधे हुए मरकर नरकवास प्राप्त करते हैं।

२३२

अज्ञानी मनुष्य जिस कुल में उत्पन्न होता है अथवा जिसके साथ निवास करता हैं उसमे ममत्व भाव रखता हुआ अपने से भिन्न वस्तुओ में इस मूर्च्छाभाव से अन्त मे वह वहुत दुःखित होता है।

२३३

यदि धन धान्य परिपूर्ण यह सारी सृष्टि किसी एक व्यक्ति को दे दी जाय तव भी उसे संतोष होने का नहीं क्योंकि लोभी आत्मा की तृष्णा दुष्पूर होती है।

२३४

जो लोग भगवान महावीर के वचनो में अनुरक्त है वे मक्खन, नमक, तेल, घृत, गुड़ आदि किसी भी वस्तु के सग्रह करने का मन मे संकल्प तक नही लाते।

२३५

जो साधु मर्यादा विरुद्ध कुछ भी संग्रह करना चाहता है वह साधु नही बल्कि गृहस्थ ही है।

२३६

अन्ने हरंति तं वित्तं कम्मी कम्मेहिं किच्चतो

२३७

कामे कमाही कमिय खु दूक्ख

२३८

जे ममाइअ मइं जहाइ से जहाइ ममाइअं

२३९

से हु दिठ्ठभए मुणी जस्स नत्थि ममाइअ

२४०

तिविहे परिग्गहे पण्णत्तो त जहा
कम्म परिग्गहे, सरीर परिग्गहे,
बाहिर भंडमत्त परिग्गहे,

२४१

लोहस्सेस अणुफ्फासो मन्ने अन्नयरामवि

२३६

संचय किया हुआ धन यथा समय दूसरे उडा लेते है किन्तु सग्रही को अपने पाप कर्मों का दुष्फल भोगना ही पड़ता है।

२३७

कामनाओ का अन्त करना ही दुःख का अन्त करना है।

२३८

जो साधक अपनी ममत्व बुद्धि का त्याग कर सकता है वही परिग्रह का त्याग करने मे समर्थ हो सकता है।

२३९

जिसकी चित्तवृत्ति से ममत्वभाव निकल चुका है वही संसार के भय स्थानो को सुन्दर रीति से देख सकता है।

२४०

परिग्रह तीन प्रकार का है—कर्म परिग्रह, शरीर परिग्रह, वाह्य-भण्ड मात्र उपकरण परिग्रह।

२४१

सग्रह करना यह अन्दर रहने वाले लोभ की झलक है।

श्रद्धा

२४२

सद्धा परमदुल्लहा

२४३

जाए श्रद्धाए निक्खंतो तमेव
अणु पालेज्जा विजहित्ता विसोत्तियं

२४४

वितिगिच्छा समावन्नेणं
अप्पाणेणं नो लहई समाहिं

२४५

कह कह वा विति गिच्छतिण्णे

२४६

अदक्खु व दक्खु वाहियं सद्दहसु

२४७

संसयं खलु सो कुणइ जो मग्गे कुणइ घर

श्रद्धा

२४२

धर्म मे श्रद्धा होना अत्यन्त दुर्लभ है ।

२४३

जिस श्रद्धा के साथ निष्क्रमण किया है, साधनापथ अपनाया है, उसी श्रद्धा के साथ मन की शंका या कुण्ठा से दूर रहकर उसका अनुपालन करना चाहिए ।

२४४

शकाशील व्यक्ति को कभी समाधि नही मिलती ।

२४५

मनुष्य को कैसे न कैसे मन की विचिकित्सा से पार हो जाना चाहिए ।

२४६

नही देखने वालो ! तुम देखने वाले की बात पर श्रद्धा रखकर चलो ।

२४७

साधना में सशय वही करता है जो कि मार्ग मे ही रुक जाना चाहता है ।

२४८

सद्धा खमं णे विणइत्तु रागं

२४९

सुई च लद्धु सद्धं च वीरियं पुण दुल्लहं
बहवे रोयमाणावि णो य णं पडिवज्जई

२५०

धम्मसद्धाएण सायासोक्खेसु रज्जमाणे विरज्जइ

२५१

सद्दहणा पुणरावि दुल्लहा

२४८

धर्म श्रद्धा हमे आसक्ति से मुक्त कर सकती है ।

२४९

श्रुति और श्रद्धा प्राप्त होने पर भी संयम मार्ग मे वीर्य पुरुषार्थ होना अत्यन्त कठिन है । वहुत से लोग श्रद्धा सम्पन्न होते हुए भी सयम मार्ग मे प्रवृत्त नही होते ।

२५०

धर्म श्रद्धा से वैपयिक सुखो की आसक्ति छोडकर यह जीव वैराग्य को प्राप्त कर लेता है ।

२५१

उत्तम धर्म को मुन लेने के वाद भी उस पर श्रद्धा होना और भी दुर्लभ है ।

तप

२५२

देहदुक्खं महाफलम्

२५३

भवकोड़िय संचियंकम्म तवसा णिज्जरिज्जइ

२५४

नो पूयणं तवसा आवहेज्जा

२५५

नन्नत्थ निज्जरट्टयाए तवमहिट्ठेज्जा

२५६

सउणी जह पंसुगुंडिया विहुणिय धसयइ सियं रयं
एंव दविग्रोवहाणवं कम्मं खवइ तवस्सि माहणे

२५७

तवेसु वा उत्तमं वभचेरं

२५८

असिधारागमण चेव दुक्करं चरिउं तवो

तप

२५२

देह का दमन करना तप है, यह महान फलप्रद है ।

२५३

कोटि कोटि भवो के सचित कर्म तपस्या की अग्नि मे भस्म हो जाते हैं ।

२५४

तप के द्वारा पूजा प्रतिष्ठा की अभिलाषा नही करनी चाहिए ।

२५५

केवल कर्म निर्जरा के लिए तपस्या करनी चाहिए । इहलोक परलोक व यश कीर्ति के लिए नही ।

२५६

जिस प्रकार शकुनी नाम का पक्षी अपने परो को फडफडा कर उन पर लगी धूल को झाड देता हैं उसी प्रकार तपस्या के द्वारा मुमुक्षु अपने कृतकर्मों का बहुत शीघ्र ही अपनयन कर देता है ।

२५७

तपो मे सर्वोत्तम तप है ब्रह्मचर्य ।

२५८

तप का आचरण तलवार की धार पर चलने के समान दुष्कर है ।

२५९

एगमप्पाणं संपेहाए धुणे सरीरग

२६०

छन्दं निरोहेण उवेइ मोक्ख

२६१

सक्ख खु दीसइ तवो विसेसो
न दीसई जाइ विसेस कोई

२६२

तवो जोइ जीवो जोई ठाण
जोगा सुया सरीरं कारिसग
कम्मेहा सजमजोग सन्ति
होम हुणामि इसिणपसत्थ

२६३

कसेहि अप्पाण जरेहि अप्पाण

२६४

अप्पपिण्डासि पाणासि अप्पभासेज्ज सुव्वए

२६५

णो पाणभोयणस्स अतिमत्तं
आहारए सया भवई

२५९

आत्मा को शरीर से पृथक् जानकर भोगलिप्त शरीर को तपस्या के द्वारा धुन डालो।

२६०

इच्छा निरोध तप से मोक्ष की प्राप्त होता है।

२६१

तप की विशेपता तो प्रत्यक्ष दिखलाई देती है किन्तु जाति की तो कोई विशेपता नजर नही आती।

२६२

तप ज्योति अर्थात् अग्नि है, जीव ज्योति स्थान है, मन वचन काया के योग आहुति देने की कडछी है, शरीर अग्नि प्रज्वलित करने का साधन है कर्म जलाए जाने वाला इधन है, सयम योग शाति पाठ है मैं इस प्रकार का यज्ञ करता हूँ जिसे ऋषियो ने श्रेष्ठ वतलाया है।

२६३

तप के द्वारा अपने को कृश करो। तन मन को हल्का करो अपने को जीर्ण करो, भोग वृत्ति को जर्जर करो।

२६४

सुव्रती साधक कम खाए, कम पीए और कम बोले।

२६५

ब्रह्मचारी को कभी भी अधिक मात्रा मे भोजन नही करना चाहिए।

२६६

जमे तव नियम संजम सज्झाय झाणाऽवस्सय
मादीएसु जोगेसु जयणा सेत्त जत्ता

२६७

तवेण परिसुज्झई

२६८

तवप्पहाण चरिय च उत्तम

२६९

सो तवो दुविहो वुत्तो बाहिरऽब्भन्तरो तहा
बाहिरो छव्विहो वुत्तो एवमब्भतरोतवो

२७०

तव नारायजुत्तेण भित्तूणं कम्म कंचुय

२७१

वेएज्ज निज्जरा पेही

२७२

पच्चक्खाणेण आसव दाराइ निरुम्भइ

२७३

अणण्हये तवे चेव

२७४

अप्पादतो सुही होइ

२६६

तप नियम सयम स्वाध्याय ध्यान आवश्यक आदि योगो मे जो यत्ना विवेक प्रवृत्ति है वह मेरी वास्तविक यात्रा जीवन चर्या है।

२६७

साधक तप से शुद्ध हो जाता है ।

२६८

तप मूल चारित्र ही सर्वश्रेष्ठ चारित्र है ।

२६९

तप दो प्रकार का है वाह्य और आभ्यन्तर । ये दोनो ६, ६ प्रकार का कहा गया है ।

२७०

तप रूपी लोह वाण से युक्त धनुष के द्वारा कर्म रूपी कवच को भेद डालें ।

२७१

निर्जरा का आकांक्षी सहनशील होवे ।

२७२

प्रत्याख्यान से आश्रव के द्वार वध हो जाते हैं ।

२७३

तप से पूर्ववद्ध कर्मो का नाश करो ।

२७४

आत्मस्थ कषायो का दमन करने वाला ही सुखी होता है ।

२७५

तवेण वोदाण जणयई

२७६

अणसणमूणोयरिया भिक्खायरिया रसपरिच्चाओ
कायकिलेसो संलीणया य, वज्झो तवो होइ

२७७

पायच्छित्तं विणओ, वेयावच्च तहेव सज्झाओ
झाणं च विउस्सग्गो एसो अब्भिन्तरो तवो

२७८

आलोयणाए उज्जुभावं जणयइ

२७९

बल थाम च पेहाए सद्धमारोग्गमप्पणो
खेत्त काल च विन्नाय तहप्पाणं निजु जए

२८०

तवं चरे

२८१

तवसा धुणइ पुराण पावग

२८२

तवोगुण पहाणस्स उज्जुमइ

२८३

समाहिकामे समणे तवस्सी

२७५

तप से व्यवदान-पूर्व कर्मों का क्षय कर आत्मा शुद्धि प्राप्त करता है ।

२७६

अनशन, ऊनोदरी, भिक्षाचरी, रसपरित्याग, कायक्लेश और प्रति सलीनता ये वाह्य तप के ६ भेद है ।

२७७

प्रायश्चित्त, विनय, वैयावृत्य स्वाध्याय ध्यान और कायोत्सर्ग ये आभ्यन्तर तप के छ: भेद हैं ।

२७८

आलोचना से निष्कपटता के भाव पैदा होते हैं ।

२७९

अपना वल दृढता श्रद्धा आरोग्य तथा क्षेत्रकाल को देखकर आत्मा को तपश्चर्या मे लगाना चाहिए ।

२८०

तप का आचरण करो ।

२८१

तप द्वारा पुराने पाप की निर्जरा होती है ।

२८२

तप रूप प्रधान गुण वाले की मति सरल होती है ।

२८३

जो श्रमण समाधि की कामना करता है वही तपस्वी है ।

२८४

पडिक्कमरोणं वय छिद्दाणि पिहेइ

२८५

तव कुव्वइ मेहावी

२८६

परक्कमिज्जा तव संजमम्मि

२८७

अकोहरो सच्चरए तवस्सी

२८४

प्रतिक्रमण से व्रतो के छिद्र ढक जाते हैं।

२८५

मेधावी पुरुष तप करता है।

२८६

तप संयम में पराक्रम बतलाओ।

२८७

अक्रोधी, सत्यरत तपस्वी होता है।

साधना

२८८

झाणजोगं समाहट्टु
कायं विउसेज्ज सव्वसो

२८९

भोगी भोगे परिच्चयमाणे
महाणिज्जरे महापज्जवसाणे भवइ

२९०

जं मे तव नियम संजम सज्झाय झाणाऽवस्सय
मादीएसु जोगेसु जयणा, से त्तं जत्ता

२९१

बाहाहिं सागरो चेव तरियव्वो गुणोदही

२९२

खमावणयाएणं पल्हायणभावं जणयइ

२९३

असंजमे नियत्तिं च संजमेय पवत्तणं

साधना

२८८

ध्यान योग का आलम्वन कर देहभाव का सर्वतोभावेन विसर्जन करना चाहिए ।

२८९

भोग समर्थ होते हुए भी जो भोगो का परित्याग करता है वह कर्मों की महान निर्जरा करता है उसे मुक्ति रूप महा फल प्राप्त होता है ।

२९०

तप नियम सयम स्वाध्याय ध्यान आवश्यक आदि योगो में जो यतना विवेक युक्त प्रवृत्ति है वही मेरी वास्तविक यात्रा है ।

२९१

सद्‌गुणों की साधना का कार्य भुजाओ से सागर तैरने जैसा है ।

२९२

क्षमापना से आत्मा मे प्रसन्नता की अनुभूति होती है ।

२९३

असयम से निवृत्ति और सयम मे प्रवृत्ति करनी चाहिए ।

२९४

अहीवेगन्तदिट्ठिए चरित्ते पुत्त दुच्चरे

२९५

जवा लोहमया चेव चावेयव्वा सुदुक्कर

२९६

अणुवओगो दव्वम्

२९४

सर्प जैसे एकाग्र दृष्टी से चलता है वैसे एकाग्र दृष्टि से चारित्र धर्म का पालन वहुत ही कठिन है।

२९५

जैसे लोह के जवो को चवाना कठिन है वैसे ही सयम साधना का पालन भी कठिन है।

२९६

उपयोग (विवेक) शून्य साधना केवल द्रव्य है, भाव नही।

समभाव

२६७

जहा पुण्णस्स कत्थइ तहा तुच्छस्स कत्थइ
जहा तुच्छस्स कत्थइ तहा पुण्णस्सकत्थइ

२६८

उवहेएणं बहिया य लोग
से सव्वलोगम्मि जे केइ विण्णू

२६९

जीविय नाभि कखिज्जा मरणंनोवि पत्थए
दुहओ वि न सज्जेज्जा जीविए मरणे तहा

३००

गथेहि विवित्तेहिं आउकालस्स पारए

३०१

इंदिएहिं गिलायंतो समिय आहरे मुणी
तहा वि से अगरहे अचले जे समाहिए

समभाव

२६७

निस्पृह उपदेशक जिस प्रकार पुण्यवान को उपदेश देता है उसी प्रकार तुच्छ को भी उपदेश देता है और जिस प्रकार तुच्छ को उसी प्रकार पुण्यवान् को भी, अर्थात् दोनो के प्रति समभाव रखता है।

२६८

जो अपने धर्म से विपरीत रहने वाले लोगो के प्रति भी, तटस्थता रखता है, उद्विग्न नही होता है वह समस्त विश्व के विद्वानो मे अग्रणी है।

२६९

साधक न जीने की आकाक्षा करे और न मरने की कामना करे। वह जीवन और मरण मे किसी प्रकार की आकाक्षा न रखता हुआ समभाव से रहे।

३००

साधक को अन्दर और बाहर की सभी बन्धन रूप गाठो से मुक्त होकर जीवन यात्रा पूर्ण करनी चाहिए।

३०१

शरीर और इन्द्रियो के क्लान्त होने पर भी मुनि अन्तर्मन मे समभाव रखे, इधर उधर गति और हलचल करता हुआ भी, साधक निंद्य नही है यदि वह अन्तरग मे अविचल है तो।

३०२

समाइयमाहु तस्स ज जो अप्पाणं भए ण दंसए

३०३

सव्वंजगं तू समयाणु पेही
पियमप्पियं कस्स वि नो करेज्जा

३०४

आयाणे अज्जो सामाइए
आयाणे अज्जो सामाइयस्स अट्ठे

३०५

देहदुक्ख महाफलम्

३०६

थोवं लद्धुं न खिसए

३०७

अलद्धुयं नो परिदेवइज्जा
लद्धुं न विकत्थइ स पुज्जो

३०८

विनयाणिय। अप्प गमप्पएणं
जो रागदोसेहिं समो स पुज्ज

३०२

समभाव उसी को रह सकता है जो अपने को हर किसी भय से मुक्त रखता है।

३०३

समग्र विश्व को जो समभाव से देखता है वह न किसी का प्रिय करता है और न अप्रिय अर्थात् समदर्शी अपने पराए की भेद बुद्धि से परे होता है।

३०४

हे आर्य ! आत्मा ही समत्व भाव है, और आत्मा ही सामायिक का अर्थ है।

३०५

शारीरिक कष्टो को समभाव पूर्वक सहने से, महावल की प्राप्ति होती है।

३०६

मनचाहा लाभ न होने पर झुजलाए नही

३०७

जो लाभ न होने पर खिन्न नही होता है, और लाभ होने पर अपनी वडाई नही हाँकता है, वही पूज्य है।

३०८

जो अपने को अपने से जानकर रागद्वेष के प्रसगो पर सम रहता है, वहो साधक पूज्य है।

३०६

लाभालाभे सुहे दुक्खे जीविए मरणे तहा
समो निंदा पसंसासु समो माणा वमाणओ

३१०

लाभुत्ति न मज्जिज्जा अलाभुत्ति न सोइज्जा

३११

नो उच्चावयं मणं नियच्छिज्जा

३१२

समयं सया चरे

३१३

समता सव्वत्थ सुव्वए

३१४

पियमप्पिय सव्वं तितिक्खएज्जा

३१५

सयणे अजणे अ समो समोअ माणावमाणेसु

३१६

समे यजे सव्वपाणभूयेसु से हु समणे

३०९

जो लाभ, अलाभ सुख, दुःख ,जीवन, मरण, निन्दा, प्रशसा, और मान अपमान मे समभाव रखता है वही वस्तुतः मुनि है ।

३१०

साधक मिलने पर गर्व न करे और न मिलने पर शोक न करे ।

३११

सकट की घडियों मे भी मन को ऊचा नीचा अर्थात् डावा-डोल नही होने देना चाहिए ।

३१२

साधक को सदा समता का आचरण करना चाहिए ।

३१३

सुव्रती को सर्वत्र समताभाव रखना चाहिए ।

३१४

प्रिय हो, अप्रिय हो, सबको समभाव से सहन करना चाहिए ।

३१५

स्वजन तथा परजन मे, मान एव अपमान मे जो सदा समभाव रखता है, वह श्रमण होता है ।

३१६

समस्त प्राणियो के प्रति जो समभाव रखता है, वही सच्चा साधु है ।

३२३

न लोगस्सेसणंचरे जस्स नत्थि इमा जाई
अण्णा तस्स कओ सिया ?

३२४

न सक्का न सोउं सद्दा सोतविसयमागया
रागदोसा उ जे तत्थ ते भिक्खू परिवज्जए

३२५

नो सक्का रुवमद्दटठं चक्खू विसयमागय
राग दोसा उ जे तत्थ ते भिक्खू परिवज्जए

३२६

न सक्का गधमग्घाऊँ नासाविषयमागय
रागदोसा उ जे तत्थ ते भिक्खू परिवज्जए

३२७

न सक्का रस मस्साऊं जीहा विषयमागयं
रागदोसाउ जे तत्थ ते भिक्खू परिवज्जए

३२८

न सक्का फासमवेएऊँ फासविसय भागय
राग दोसा उ जे तत्थ ते भीक्खू परिवज्जए

३२३

लोकैषणा से मुक्त रहना चाहिए। जिसको यह लोकैषणा नही है, उससे अन्य पाप प्रवृत्तियाँ कैसे हो सकती है ?

३२४

यह शक्य नही है कि कानो मे पडने वाले अच्छे या बुरे शब्द सुने न जाएँ। अत शब्दो का नही, पर शब्दो के प्रति जगने वाले राग द्वेष का साधु को त्याग करना चाहिए।

३२५

यह शक्य नही है कि आँखो के सामने आने वाला अच्छा या बुरा रूप देखा न जाए। अत. रूप का यही पर होने वाले राग द्वेप का साधु को त्याग करना चाहिए।

३२६

यह शक्य नही है कि नाक के समक्ष आया हुआ गन्ध या दुर्गन्ध, सूंघने मे न आए। अत. गध का नही किन्तु गध के प्रति जगने वाले राग द्वेष का त्याग करना चाहिए।

३२७

यह शक्य नही है कि जीभ पर आया हुआ अच्छा या बुरा रस चखने मे न आए। अत रस का नही पर रस से होने वाले राग द्वेप का साधु को त्याग करना चहिए।

३२८

यह शक्य नही है कि शरीर के स्पर्श होने वाले अच्छे या बुरे स्पर्श की अनुभूति न हो। अत स्पर्श का नही पर स्पर्श से जगने वाले राग द्वेप का साधु को त्याग करना चाहिए।

वीतराग

३१७

विमुत्ता हु ते जणा जे जणा पारगामिणो

३१८

लोभमलोभेण दुगछमाणे
लद्धे कामे नाभि गाहई

३१९

अणोहंतराए, ए नो य ओहं, तरित्तए अतीरंगमा एए
नो य तीरं गमित्तए अपारंगमा, ए ए नोय पारं गमित्तए

३२०

कामादुरतिक्कामा

३२१

अणोमदंसो निसण्णो पावेहि कम्मेहिं

३२२

किमत्थि उवाही पासगस्स न विज्जइ ? नत्थि

वीतराग

३१७

जो साधक कामनाओ को पार कर गए हैं, वस्तुतः वे ही मुक्त पुरुष हैं ।

३१८

जो लोभ के प्रति अलोभ वृत्ति रखता है, वह और तो क्या काम भोगो के प्राप्त होने पर भी आकृष्ट नही होता ।

३१९

जो वासना के प्रवाह को नही तैर पाए है वे संसार के प्रवाह को नही तैर सकते । जो इन्द्रिय जन्य काम भोगो को पार कर तट पर नही पहुँचे हैं, वे संसार सागर के तट पर नही पहुँच सकते । जो रागद्वेष को पार नही कर पाए हैं, वे संसार सागर से पार नही हो सकते ।

३२०

कामनाओ का पार पाना, वहुत कठिन है ।

३२१

उच्च दृष्टि वाला साधक ही पाप कर्मों से दूर रहता है ।

३२२

वीतराग सत्यद्रष्टा कों कोई उपाधि होती है या नही ? नही ।

३२९

समाहियस्स अग्गिसिहा व तेयसा
तवो य पन्ना य जस्सोय वड्ढइ

३३०

अणुक्कमे अप्पलीणे मज्झेण मुणिजावए

३३१

लद्धे कामे न पत्थेज्जा

३३२

वीयरागयाएण नेहाणुबंधणणि,
तण्हाणुबंधणणिय वोच्छिदई।

३३३

समोय जो तेसु स वीयरागो

३३४

एविंदियत्थाम य मणस्स अत्थ
दुक्खस्स हे उ मणुयस्स रागिणो
न चेव थोव पि कयाइ दुःक्खं
न वीयरागस्स करेति किंचि

३३५

अणि हे से पुछे अहियासए

३२९

अग्नि शिखा के समान प्रदीप्त एवं प्रकाशमान रहने वाले अन्तर्लीन साधक के तप प्रज्ञा और यश निरन्तर, बढते रहते हैं ।

३३०

अहं रहित एवं अनासक्त भाव से मुनि को राग द्वेष के प्रसगो से दूर रहना चाहिए ।

३३१

प्राप्त होने पर भी काम भोगो को स्वीकार नही करना चाहिए ।

३३२

वीतराग भाव से राग और तृष्णा के वधन कट जाते हैं ।

३३३

जो भले और बुरे शब्दादि के विषयो मे समाव रहता है वह वीतराग है ।

३३४

रागात्मा को ही मन एवं इन्द्रियो के विषय दु ख के हेतु होते है । वीतराग को तो वे किञ्चित् मात्र भी दु खी नही वना सकते ।

३३५

आत्मवेत्ता साधक को निःस्पृह होकर आने वाले कष्टो को सहन करना चाहिए ।

३३६

वीयरागभाव पडिवन्ने वियएां
जीवे सम सुह दुक्खे भवइ

३३७

नलिप्पई भव मज्झे वि संतो
जलेण वा पोक्खरिणी पलासं

३३८

से हु चक्खू मणुस्साणं जे कंखाए य अन्तए

३३९

कामी कामे न कामए, लद्धे वावि अलद्धं कण्हुई।

३३६

वीतराग भाव को प्राप्त हुआ जीव सुख दु ख मे एकसा रहता है।

३३७

जो आत्मा विषयो से दूर है, वह ससार मे रहता हुआ भी जल मे कमलिनी पत्र के समान अलिप्त रहता है।

३३८

जिस साधक ने आसक्ति भाव को नष्ट कर दिया है, वह मनुष्यो के लिए मार्ग-दर्शक चक्षु रूप है।

३३९

साधक सुखाभिलाषी वन काम भोगो की कामना न करे और प्राप्त भोगो के प्रति भी निस्पृह भाव रखे।

सरलता

३४०

कड़ कडेत्ति भासेज्जा अकड़ नो कड़ेत्तिय

३४१

आहच्च चंड़ालिय कट्टु न निण्हविज्ज कयाइ वि

३४२

सोहि उज्जूय भूयस्स धम्मो सुद्धस्स चिट्ठइ

३४३

एगमवि मायी मायं कट्टु आलोएज्जा
जाव पड़िवज्जेजा अत्थि तस्स आराहणा

३४४

अविसवायरण सं पन्नायाए णं जोवे
धम्मस्स आराहए भवइ

३४५

करण सच्चे वट्ठमाणे जीवे जहावाइ तहाकारी यावि,भवई

सरलता

३४०

विना किसी छिपाव या दुराव के किए हुए कर्म को किया हुआ कहिए तथा नहीं किए हुए कर्म को न किया हुआ कहिए ।

३४१

यदि साधक कभी कोई चाण्डालिक दुष्कर्म करले तो फिर कभी उसे छिपाने का प्रयत्न न करे ।

३४२

ऋजु अर्थात् सरल आत्मा की विशुद्धि होती है, और विशुद्ध आत्मा मे ही धर्म ठहरता है ।

३४३

जो प्रमादवश हुए कपटाचरण के प्रति पश्चाताप करके सरल हृदय हो जाता है, वह धर्म का आराधक है ।

३४४

दम्भरहित अविसवादी आत्मा ही धर्म का सच्चा आराधक होता है ।

३४५

करणसत्य–व्यवहार मे स्पष्ट तथा सच्चा रहने वाला आत्मा दर्श को प्राप्त करता है ।

संयम

३४६

जं मयं सव्व साहूणं त मयं सल्लगत्तणं
साहइत्ताण तं तिण्णा देवा वा अभविंसुते

३४७

बालुया कवले चेव निरस्साए उ संजमे

३४८

संजमेण अणण्हयत्तं जणयइ

३४९

जो जीवे विन जाणइ अजीवे विन जाणइ
जीताऽजीवे अयाणतो कहं सो नाहीइ संजमं

३५०

जो जीवे वि वियाणाइ अजीवे वि वियाणइ
जीवाऽजीवे वियाणतो सो हु नाहीइ संजमं

३५१

असंजमे निर्यात्ति च सजमेय पवत्तणं

संयम

३४६

सभी साधुओ द्वारा मान्य ऐसा जो संयम धर्म है, वह पाप का नाश करने वाला है। इसी सयम धर्म की उत्कृष्ट आराधना कर अनेक भव्य जीव संसार सागर से पार हुए हैं और अनेक ने देवयोनि प्राप्त की है।

३४७

सयम वालू-रेती के कौर की तरह नीरस है।

३४८

सयम से जीव आश्रव-पाप का निरोध करता है।

३४९

जो जीवो को नही जानता है, वह अजीवो को भी नही जानता जीव और अजीव दोनो को नही जानने वाला सयम को कैसे जान सकता है।

३५०

जो जीवो और अजीवो को भी जानता है, वह जीव और अजीव दोनो को जानने वाला सयम को भी भली-भाँति से जान लेता है।

३५१

असयम से निवृत्ति और सयम मे प्रवृत्ति करनी चाहिए।

३५२

गारत्थेहिय सव्वेहिं साहवो संजमुत्तरा

३५३

तहेव हिंस अलियं चोज्जं अबम्भ सेवणं
इच्छाकामं च लोभ च संजओ परिवज्जए

३५४

जो सहस्स सहस्साणं मासे मासे गवं दए
तस्सावि संजमो सेओ अदिन्तस्स वि किंचण

३५५

एगमघमाण सपेहाए धुणे सरीरग

३५६

कसेहि अप्पाणं जरेहि अप्पाण

३५७

चउव्विहे संजमे मण सजमे वइ संजमे
काय संजमे ठवगरण संजमे

३५८

गरहा संजमे नो अगरहा सँजमे

३५२
सब गृहस्थो की अपेक्षा साधुओ का संयम श्रेष्ठ होता है।

३५३
सयमी पुरुष हिंसा, झूठ, चोरी, अब्रह्मचर्य सेवन, भोगलिप्सा एव लोभ इन सबका सदा परित्याग करे।

३५४
जो मनुष्य प्रति मास दस दस लाख गायो का दान देता है उसकी अपेक्षा दान न देने वाले अकिंचन सयमी का सयम श्रेष्ठ है।

३५५
आत्मा को शरीर से पृथक् जानकर भोगलिप्त शरीर को धुन डालो।

३५६
अपने को कृश करो, तन-मन को हल्का करो, अपने को जीर्ण करो और भोगवृत्ति को जर्जर करो।

३५७
सयम के चार प्रकार हैं—मन का सयम, वचन का सयम, शरीर का सयम और उपाधि सामग्री का सयम।

३५८
गर्हा (आत्मालोचन) सयम है और अगर्हा सयम नही है।

३५९

भोगी भोगे परिच्चय मारो महारिगज्जरे
महापज्जवसारो भवइ

३६०

अच्छंदा जेन भुजति नसे चाइत्ति वुच्चई

३६१

जे य कते पिएभोए लद्धे विपट्ठि कुव्वई
साहीरो चयई भोए से हु चाइत्ति वुच्चए

३५९

भोग समर्थ होते हुए भी जो भोगो का परित्याग करता है, वह कर्मों की महान निर्जरा करता है, उसे मुक्ति रूप महाफल प्राप्त होता है।

३६०

जो पराधीनता के कारण विषयो का उपभोग नही कर पाते, उन्हे त्यागी नही कहा जा सकता।

३६१

जो मनोहर और प्रिय भोगो के उपलब्ध होने पर भी, स्वाधीनता पूर्वक उन्हें पीठ दिखा देता है अर्थात् त्याग देता है, वही त्यागी कहलाता है।

सदगुण

३६२

गुणसट्ठियस्स वयण घयपरिसित्तुव पावओभाइ
गुणहीणस्स न सोहइ नेहविहूणो जह पइवो

३६३

अंबत्तणेण जीहाइ कूइया होइ खीरमुदगम्मि
हसो मोत्तूण जलं आपियइ पय तह सुसी सो

३६४

चउहिं ठाणेहि सते गुणे नासेज्जा कोहेणं पड़िनिवेसेणं
अकयण्णुयाए मिच्छत्ताभिणिवेसेणं

३६५

गुणेहिं साहू अगुणेहिऽसाहू
गिण्हाहि साहू गुणमुञ्चऽसाहू

३६६

कखे गुणे जाव सरीर भेऊ

३६७

निमम्मे निरहकारे

सद्गुण

३६२

गुणवान व्यक्ति का वचन घृतसिंचित अग्नि की तरह तेजस्वी होता है जबकि गुणहीन व्यक्ति का वचन स्नेहरहित (तैल-शून्य) दीपक की तरह तेज और प्रकाश से शून्य होता है ।

३६३

हस जिस प्रकार अपनी जिह्वा की अम्लता शक्ति के द्वारा जल मिश्रित दूध मे से जल को छोडकर दूध को ग्रहण कर लेता है उसी प्रकार सुशिष्य दुर्गुणो को छोडकर सद्गुणों को ग्रहण करता है ।

३६४

क्रोध, ईर्ष्या-डाह, अकृतज्ञता और मिथ्या आग्रह इन चार दुर्गुणो के कारण मनुष्य के विद्यमान गुण भी नष्ट हो जाते हैं।

३६५

सद्गुण से साधु कहलाता है, दुर्गुण से असाधु । अतएव दुर्गुणो को त्याग कर सद्गुणों को ग्रहण करो ।

३६६

जव तक जीवन है तव तक सद्गुणो की आराधना करते रहना चाहिए ।

३६७

ममता रहित और अहकार रहित बनो

३६८

अकोहणे सच्चरए सिक्खा सीले

३६९

अप्पमत्तो परिव्वए

३७०

संगाम सीसे व परं दमेज्जा

३७१

मेहावी जाणिज्ज धम्मं

३७२

सिक्खं सिक्खेज्ज पड़िए

३७३

न कखे पुव्व सथवं

३७४

वायणाए निज्जरं जणयइ

३६८

अक्रोधी सत्यरत तपस्वी होता है।

३६९

अप्रमादी होता हुआ विचरे।

३७०

जैसे संग्राम के अग्रभाग पर शत्रु का दमन किया जाता है वैसे ही इन्द्रियों के विषयों का दमन करो।

३७१

मेधावी धर्म को जाने।

३७२

पण्डित पुरुष व्याकरणादि का अध्ययन करे।

३७३

पूर्व काल मे प्राप्त प्रशंसा आदि की इच्छा नही करे।

३७४

वाचना से निर्जरा होती है।

स्वाध्याय

३७५

सज्झाए वा निउत्तेण सव्व दुक्खविमोखणे

३७६

सज्झायं च तवो कुज्जा सव्व भावविभावण

३७७

सज्झाएणं णाणावरणिज्झ कम्मं खवेई

३७८

नवि अत्थि न वि आ होही सज्झायसमं तवोकम्म

स्वाध्याय

३७५

स्वाध्याय करते रहने से समस्त दु.खों से मुक्ति मिल जाती है।

३७६

स्वाध्याय रूपी तप सभी भावो का प्रकाशक है।

३७७

स्वाध्याय से ज्ञानावरणीय कर्म का क्षय होता है।

३७८

स्वाध्याय के समान दूसरा तप न कभी हो सका, न वर्तमान मे कहीं और न भविष्य मे कभी होगा।

क्रोध

३७९

पव्वयराइसमाणं कोह अणुपविट्ठे जीवे
कालं करेइ णेरइएसु उववज्जति

३८०

कुद्धो सच्च सीलं विषयं हणेज्ज

३८१

जे य चंडे मिए थद्धे, दुव्वाई नियडी सढे
वुज्भइ से अविणी यप्पा कट्ठ सोयगयं जहा

३८२

अप्पाणंपि न कोवए

३८३

कोह विजयेणं खंति जणयई

३८४

कसाया अग्गिणो वुत्ता

३८५

अहेवयइ कोहेणं

क्रोध

३७९

पर्वत की दरार के समान जीवन मे कभी नही मिटने वाला उग्र क्रोध आत्मा को नरक गति की ओर ले जाता है ।

३८०

क्रोध मे अधा हुआ व्यक्ति सत्य, शील और विनय का नाश कर डालता है ।

३८१

जो मनुष्य क्रोधी अविवेकी अभिमानी दुर्वादी कपटी और धूर्त है, वह संसार के प्रवाह मे वैसे ही वह जाता है जैसे जल के प्रवाह मे काष्ठ ।

३८२

अपने आप पर भी कभी क्रोध न करो ।

३८३

क्रोध को जीत लेने से क्षमाभाव जागृत होता है ।

३८४

कषाय को अग्नि कहा है ।

३८५

क्रोध से नीची गति को जाता है ।

३८६

कोहो पीइ पणासेइ

३८७

उवसमेण हणे कोह

३८८

विगिंच कोहं अविकपमाणे

३८९

इमं णिरुद्धाउय सपेहाए
दुक्खं य जाण अदु आगमेस्स
पुढो फासाइं या फासे
लोय य पास विफदमाणं

३९०

चउहिं ठाणेहिं कोहुप्पत्ति सिया
तं जहा—खेत्त पडुच्च
वत्थु पडुच्च सरीर पडुच्च
उवहिं पडुच्च

३९१

चउ पइट्ठिए कोहे पण्णत्ते
तं जहा आयपइट्ठिए
परपइट्ठिए तदुभयपइट्ठिए
अप्पइट्ठिए ।

३८६

क्रोध प्रीति का नाश करता है।

३८७

शान्ति से क्रोध को जीतो।

३८८

आत्मसाधक कम्प रहित होकर क्रोधादि कपाय को नष्ट कर के कर्मरूपी काष्ठ को जला डालता है।

३८९

क्रोध मनुष्य की आयु को नष्ट करता है तथा क्रोध से मानसिक दु.ख होता है। क्रोधी मनुष्य पाप कर्म को वांधकर नरक मे जाता है और वहाँ नाना प्रकार के दु खों को भोगता है, यह समझ कर क्रोध का त्याग करना चाहिए।

३९०

क्रोध उत्पन्न होने के चार कारण हैं—१. क्षेत्र नरकादि आश्रित २. वस्तु घर अथवा सचित्त अचित्त मिश्र वस्तु आश्रित ३ शरीर कुरूपादि आश्रित ४. उपाधि उपकरण आश्रित।

३९१

क्रोव के चार प्रकार—१. आत्म प्रतिष्ठित-अपनी भूल पर होने वाला २. पर प्रतिष्ठित—दूसरे के निमित्त से होने वाला ३. तदुभय प्रतिष्ठित दोनो के निमित्र से होने वाला ४. अप्रतिष्ठित निमित्त के विना उत्पन्न होने वाला।

३६२

जे कोहदंसी से माणदेसी

३६३

णो कुज्झे नो माणे

३६४

कोह ण पत्थए

३९२

जिसके हृदय मे क्रोध है उसके हृदय मे मान भी अवश्य है।

३९३

क्रोध न करें और मान न करे।

३९४

क्रोध की इच्छा मत करो।

मान

३९५

पन्नामयं चेव तवोमयं च
निन्नामए गोयमयं च भिक्खू
आजीवगं चेव चउत्थमाहु
से पण्डिए उत्तमपोग्गले से

३९६

उन्न यमाणे य नरे महामोहे पमुज्झई

३९७

बुद्धामो त्ति य मन्नता, अंतए ते समाहिए

३९८

जे माणदसी से मायादंसी

३९९

माणो विणय नासणो

४००

माणं मद्दवया जिणे

मान

३९५

प्रज्ञा मद, तप मद गौत्र मद और आजीविका मद, इन चार प्रकार के मदो को नही करने वाला निस्पृह भिक्षु सच्चा पण्डित और पवित्रात्मा होता है।

३९६

अहकार करता हुआ मनुष्य महामोह से विवेक शून्य होता है।

३९७

अज्ञान वश अपने आपको ज्ञानी समझने वाला समाधि से बहुत दूर है।

३९८

जो मान वाला है उसके हृदय में माया भी निवास करती है।

३९९

मान विनय गुण का नाश करता है।

४००

मान को नम्रता से जीते।

४०१

न तस्स जाई वा कुल व ताणं
नण्णत्थ विज्जाचरण सुचिण्णं

४०२

अत्ताणं न समुक्कस्स

४०३

बालजणो पगब्भइ

४०४

अन्नं जणंपस्सति बिंबभू

४०५

अन्न जण खिसइ बालपन्ने

४०६

सेल थभसमाणं माणं अणुपविट्ठे जीवे
काल करेइ णेरइएसु उववज्जति

४०७

माण विजए ण मद्दव जणयई

४०८

सुअलाभे न मज्जिज्जा

४०९

णो माणे

४१०

माण ण पत्थए

४०१

गोत्राभिमानी को उसकी जाति व कुल शरणभूत नही हो सकते। मात्र ज्ञान और धर्म के सिवाय अन्य कोई भी रक्षा नही कर सकते।

४०२

आत्मा के लिए समुत्कर्ष शील (अहंकारी) न हो।

४०३

अभिमान करना अज्ञानी का लक्षण है।

४०४

अभिमानी अपने अहकार से चूर होकर दूसरो को सदा परछाई के समान तुच्छ मानता है।

४०५

जो अपनी बुद्धि के अहंकार मे दूसरो की अवज्ञा करता है वह मद बुद्धि है

४०६

पत्थर के खभे के समान जीवन मे कभी नही झुकने वाला अहकार आत्मा को नरक गति की ओर ले जाता है।

४०७

अभिमान को जीत लेने से नम्रता जागृत होती है।

४०८

ज्ञान प्राप्त होने पर मान न करें।

४०९

मान न करें।

४१०

मान की इच्छा मत करो।

माया

४११

माई पमाई पुण एइ गब्भ

४१२

सुहमे सले दुरुद्धरे

४१३

वंसीमूलके तणसमाणं माय अणुपविट्ठे
जीवे काल करेइ णेरइयेसु उववज्जंति

४१४

मायी विउव्वइ नो अमायी विउव्वइ

४१५

मायाविजएणं अज्जवं जणयइ

४१६

जे माणदंसी से मायादंसी

४१७

माया मज्जव भावेण

माया

४११

मायावी और प्रमादी वार वार गर्भ मे अवतरित होता है, जन्म मरण करता है ।

४१२

मन मे रहे हुए विकारो के सूक्ष्म शल्य का निकालना बहुत कठिन हो जाता है ।

४१३

वास की जड के समान गाठदार माया आत्मा को नरक गति की ओर ले जाता है ।

४१४

जिसके अन्दर मे माया का अश है वही नाना रूपो का प्रदर्शन करता है वैसा अमायी नही करता है ।

४१५

माया को जीत लेने से सरल भाव प्राप्त होता है ।

४१६

जो मान करने वाले है, वे माया करने वाले भी है ।

४१७

सरलता से माया-कपट को जीतें ।

४१८

माई मिच्छादिट्ठि अमाई सम्मदिट्ठी

४१९

माया मित्ताणि नासेइ

४२०

धम्मविसए वि सुहमा माया होइ अणत्थाय

४२१

मायामोसं वड्ढई लोभदोसा
तत्थाऽवि दुक्खान विमुच्चई से

४२२

मायं च वज्जए सया

४२३

माया गई पडिग्घाओ

४२४

माया मोस विवज्जए

४१८

मायावी जीव मिथ्यादृष्टि होता है, अमायावी सम्यग्दृष्टि

४१९

माया मित्रता का नाश करती है।

४२०

धर्म के विषय मे की हुयी सूक्ष्म माया भी अनर्थ का कारण बनती है।

४२१

लोभ के दोष से उसका कपट और झूठ बढता है परन्तु कपट और झूठ का प्रयोग करने पर भी वह दु ख से मुक्त नही होता।

४२२

सदा के लिए माया को छोड दो।

४२३

माया उच्च गति का प्रतिघात करने वाली है।

४२४

माया मृपावाद को छोड दो।

लोभ

४२५

लोभो सव्वविणासणो

४२६

इच्छालोभिते मुत्तिमग्गस्स पलिमंथू

४२७

लोभ संतोसओ जिणे

४२८

करेइ लोह वेरं वड्ढइ अप्पणो

४२९

लोभाओ दुहओ भय

४३०

पुढवी साली जवा चेव हिरण्ण पसुभिस्सह
पडिपुण्ण नालमेगस्स इइ विज्जा तव चरे

४३१

कसिण पि जो इम लोय पडिपुण्णं दलेज इक्कस्स
तणापि से न सतुस्से इइ दुप्पूरए इमे आया

लोभ

४२५

लोभ सभी सद्‌गुणो का नाश कर देता है ।

४२६

लोभ मुक्ति पथ का अवरोधक है ।

४२७

लोभ को सन्तोप से जीतना चाहिए ।

४२८

जो व्यक्ति लोभ करता है वह अपनी ओर से चारो ओर वैर की अभिवृद्धि करता है ।

४२९

लोभ से दोनो लोक में भय रहा हुआ है ।

४३०

चावल और जो आदि धान्यों तथा सुवर्ण और पशुओ से परिपूर्ण यह समूची पृथ्वी भी लोभी को तृप्त नही कर सकती यह जानकर संयम मे रत होना चाहिए ।

४३१

अनेक वहु मूल्य पदार्थों से परिपूर्ण सारा विश्व भी किसी एक मनुष्य को दे दिया जाय तो भी वह सन्तुष्ट न होगा। लोभी आत्मा की तृष्णा इस प्रकार शान्त होनी अत्यन्त कठिन है ।

४३२

सुवण्णरूप्पस्स उ पव्वया भवे
सिया हु केलाससमा असंखया
नरस्स लुद्धस्स न तेहि किंचि
इच्छा हु आगाससमा अणन्तिया

४३६

जहा लाहो तहा लोहो लाहा लोहो पवड्ढई
दो मास कयं कज्ज कोडीए विन निट्ठियं

४३४

भवतण्हा लया कुत्ता भीमा भीम फलोदया
तमुच्छित्तु जहानायं विहरामि महामुणी

४३५

तण्हाहया जस्स न होई लोहो

४३६

लोभपत्ते लोभी समावइज्जा मोसं वयणाए

४३७

मम्माइ लुप्पइ बाले

४३८

सीहं जहा व कुणिमेणं
निब्भयमेग चरेति पासेणं

४३२

कैलाश के समान चादी और सोने के कैलाश के समान विशाल असख्य पर्वत भी यदि पास मे हो तो भी तृष्णाशील व्यक्ति की तृप्ति के लिए वे नही के बराबर हैं कारण आकाश के समान तृष्णा अनन्त है ।

४३३

ज्यो ज्यो लोभ होता है त्यो त्यो लोभ भी बढता जाता है देखिए पहले केवल दो मासे स्वर्ण की इच्छा थी बाद मे वह तृष्णा करोडो पर भी पूरी न हो सकी ।

४३४

हे महामुनि ! ससार-तृष्णा एक भयकर लता है जिसके फल भी बडे भयकर है । मैं उस लता का उच्छेद करके सुख पूर्वक विचरण करता हूँ ।

४३५

जिसको लोभ नही, उसकी तृष्णा नष्ट हो गयी ।

४३६

लोभ का प्रसग आने पर व्यक्ति असत्य का आश्रय ले लेता है ।

४३७

यह मेरा है, वह मेरा है, इस ममत्व बुद्धि के कारण, बाल जीव विलुप्त होते हैं ।

४३८

निर्भय अकेला विचरने वाला सिह भी मास के लोभ से जाल मे फस जाता है, वैसे ही मनुष्य भी ।

४३९

अन्ने हरंति तं वित्तं
कम्मी कम्मे हो किच्चती

४४०

किमिराग रत्त वत्थ समाणलोभ अणुपविट्ठे
जीवे कालं करे इ नेरइएसु उववज्जति

४४१

लुद्धो लोलो भणेज्ज अलियं

४४२

लोभ विजएण संतोसं जणयइ

४३९

यथावसर संचित धन को तो दूसरे उड़ा लेते हैं और संग्रही को अपने पाप कर्मो का दुष्फल फल भोगना पड़ता है ।

४४०

कृमिराग अर्थात् मजीठ के रंग समान जीवन में कभी नही छूटने वाला लोभ आत्मा को नरक गति की ओर ले जाता है ।

४४१

मनुष्य लोभग्रस्त होकर झूठ बोलता है ।

४४२

लोभ को जीत लेने से सतोप की प्राप्ति होती है ।

विनय

४४३

थभा व कोहा व मयप्पमाया,
गुरुस्सगासे विणय न सिक्खे।
सो चेव उ तस्स अभूइभावो,
फलं व कीअस्स वहाय होइ ॥

४४४

सिया हु से पावय नो डहिज्जा
आसीविसो वा कुविओ न भक्खे
सिया विस हालहल न मारे
न यावि मुक्खो गुरुहीलणाए

४४५

विणयं पि जो उवाएण, चोइओ कुप्पई नरो।
दिव्वं सो सिरिमिज्जंति दण्डेण पडिसेहए ॥

४४६

मूलाओ खंधप्पभवो दुमस्स
खधाऊपच्छा समुवेन्ति साहा
साहाप्पसाहा विरुहन्ति पत्ता
तओ सि पुप्फ च फल रसोय

विनय

४४३

जो मुनि अभिमान, क्रोध, माया या प्रमादवश गुरु के निकट रहकर विनय नही सीखता, उनके प्रति विनय का व्यवहार नही करता उसका यह अविनयी भाव वास के फल की तरह स्वय के लिए विनाश का कारण बनता है।

४४४

संभव है कदाचित अग्नि न जलावे, सम्भव है कुपित विषधर न डसे और यह भी सम्भव है कि हलाहल विष भी मृत्यु का कारण न बने किन्तु गुरु की अवहेलना करने वाले साधक के लिए मोक्ष सम्भव नही है।

४४५

कोई महापुरुष सुन्दर शिक्षा द्वारा किसी को विनय मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करे तब वह कुपित होता है। ऐसी स्थिति मे वह स्वय अपने द्वार पर आई हुयी दिव्य लक्ष्मी को डण्डामार कर भगा देता है।

४४६

वृक्ष के मूल से स्कन्ध उत्पन्न होता है स्कन्ध के पश्चात् शाखाए और शाखाओ मे प्रशाखाए निकलती है इसके पश्चात् फूल फल और रस उत्पन्न होता है।

४४७

एव धम्मस्स विरणओ मूलं परमो से मोक्खो
जेरण किर्त्ति सुय सिग्घ, निस्सेस चाभिगच्छई ।

४४८

जस्सतिए धम्म पयाइं सिक्खे
तस्सतिए वेरणइय पउ जे

४४९

आयरियं कुविय नच्चा पत्तिएरण पसायए ।
विज्भवेज्भ पजली उड़ो वएज्ज न पुणुत्ति य ।।

४५०

विणओ वि तवो तवो पि धम्मो

४५१

वेयावच्चेण तित्थयरनाम गोय
कम्म निबधेइ

४५२

गिलारणस्स अगिलाए वेयावच्च करणयाए
अब्भुट्ठेयव्व भवइ ।

४५३

कलह डम्बर वज्जिए····· सुविरणीएत्तिवुच्चई

४४७

इसी प्रकार धर्म रूपी वृक्ष का मूल विनय है और उसका अन्तिम फल मोक्ष है। विनय से मनुष्य को कीर्ति प्रशसा और श्रुतज्ञान आदि समस्त इष्ट तत्वों की प्राप्ति होती है।

४४८

जिनके पास धर्म शिक्षा प्राप्त करे उनके प्रति सदा विनय भाव रखना चाहिए।

४४९

विनीत शिष्य आचार्य को कुपित जानकर प्रीतिकारक वचनो से उन्हे प्रसन्न करे, हाथ जोडकर उन्हें शान्त करे, और अपने मुंह से ऐसा कहे कि 'पुन मैं ऐसा नही करूगा'।

४५०

विनय स्वयं एक तप है और श्रेष्ठ धर्म है।

४५१

वैय्यावृत्य-सेवा से जीव तीर्थंकर नाम गौत्र जैसे उत्कृष्ट पुण्यकर्म का उपार्जन करता है।

४५२

रोगी की सेवा के लिए सदा जागरूक रहना चाहिए।

४५३

कलह और जीव हिंसा को वर्जनेवाला व्यक्ति सुविनीत होता है।

४५४

तम्हा विणयमेसिज्जा, सील पडिलभेज्जश्रो

४५५

विणय मूले धम्मे पन्नते

४५६

जत्थेव धम्मायरियं पासेज्जा
तत्थेव वंदिज्जा नमंसिज्जा

४५७

रायणिएसु विणय पऊंजे

४५८

जे आयरिय उवज्झायाण सुस्सूसा वयण करे
तेसिं सिक्खा पवढन्ति जलसित्ता इवपायवा

४५९

विवत्ती अविणीयस्स सपत्ती विणीयस्स य

४६०

जे छन्दमाराहयई स पुज्जो

४६१

आणाणिद्देस करे गुरुणमुववाय कारए
इंगियागार सम्पन्ने से विणीए त्ति वुच्चई

४५४

विनय से साधक को शील-सदाचार मिलता है अत. उसकी खोज करनी चाहिए।

४५५

धर्म का मूल विनय–आचार है।

४५६

जहा कही भी अपने धर्माचार्य को देखें, वही उन्हे वन्दन नमस्कार करना चाहिए।

४५७

बडो के साथ विनय पूर्वक व्यवहार करो।

४५८

जो अपने आचार्य एव उपाध्यायो की शुश्रूपा-सेवा तथा उनकी आज्ञा का पालन करता है उनकी शिक्षाएं वैसे ही वढती है जैसे कि जल से सीचे जाते पर वृक्ष।

४५९

अवनीत दु ख का भागी होता है और विनीत सुख का भागी।

४६०

जो गुरुजनो की आज्ञा का पालन करता है, वह शिष्य पूज्य होता है।

४६१

जो गुरुजनो की आज्ञा का पालन करता है उनके निकट सपर्क मे रहता है एव उनके हर सकेत व चेष्टा के प्रति सजग रहता उसे विनीत कहा जाता है।

४६२

अणुसासिओ न कुप्पिज्जा

४६३

हियं तं मण्णई पण्णो वेसं होइ असाहुणो

४६४

रमए पडिए सासं हय भद्द व वाहए

४६५

बाल सम्मइ सासंतो गलियस्सं व वाहए

४६६

नच्चानमइ मेहावी

४६७

विणए ठविज्ज अप्पाण इच्छन्तो हियमप्पणो

४६२

गुरुजनो के अनुशाशन से कुपित नही होना चाहिए ।

४६३

विनीत शिष्य गुरुजनो की हितशिक्षा को हितकर मानता है पर अवनीत को वे बुरी लगती हैं ।

४६४

विनीत शिष्य को शिक्षा देता हुआ ज्ञानी गुरु उसी प्रकार प्रसन्न होता है जिस प्रकार अच्छे घोडे पर सवारी करता हुआ घुडसवार ।

४६५

मूर्ख शिष्यो को शिक्षा देता हुआ गुरु वैसे ही खिन्न होता है जैसे अडियल घोड़े पर चढा हुआ सवार ।

४६६

बुद्धिमान ज्ञान प्राप्त करके विनीत हो जाता है ।

४६७

अपनी आत्मा का हित चाहने वाले को विनय धर्म मे स्थिर रहना चाहिए ।

ब्राह्मण कौन ?

४६८

जो न सज्जइ आगंतुं पव्वयंतो न सोयई
रमइ अज्ज-वयणम्मि तं वयं बूम माहणं

४६९

जायरुवं जहामट्ठं निद्धंतमल पावगं
राग-दोस-भयाईयं तं वयं बूम माहणं

४७०

तसपाणे वियाणेत्ता संगहेण य थावरे
जो न हिंसइ तिविहेण तं वयं बूम माहणं

४७१

कोहा वा जइ वा हासा लोहा वा जइ वा भया
मुसं न वयई जोउ तं वयं बूम माहणं

४७२

चित्तमंतमचित्तं वा अप्पं वा जइ वा बहुं
न गिण्हेइ अदत्तं जे तं वयं बूम माहणं

ब्राह्मण कौन ?

४६८

जो आने वाले स्नेही जनो मे, आसक्ति नही रखता और जो उनके जाने पर शोक नही करता जो सदा आर्य वचनो मे रमण करता है, उसे हम ब्राह्मण कहते है ।

४६९

जो अग्नि मे तपाकर शुद्ध किए हुए और कसौटी पर परखे हुए सोने के समान निर्मल है, जो राग द्वेष तथा भय से रहित है, उसे हम ब्राह्मग कहते हैं ।

४७०

जो जगम स्थावर सभी प्राणियो को भलीभाति जानकर उनकी तन मन वचन से कभी हिंसा नही करता, उसे हम ब्राह्मण कहते हैं ।

४७१

जो क्रोध से हास्य लोभ अथवा भय से किसी भी अशुभ, सकल्प से असत्य नही बोलता उसे हम ब्राह्मण कहते हैं ।

४७२

जो सचित्त अचित्त कोई भी पदार्थ चाहे वो थोड़ा हो या ज्यादा स्वामी के दिए विना चोरी से नही लेता उसे हम ब्राह्मण कहते है ।

४७३

दिव्वमाणु सतेरिच्छ जो न सेवइ मेहुणं।
मणसा काय वक्केणं, त वयं बूम माहणं ।।

४७४

जहा पोम्मं जले जायं, नोवलिप्पइ वारिणा,
एवं अलित्तं कामेहिं तं वयं बूम माहणं

४७५

जहित्तापुवं संजोग नाहू सगे य बंधवे
जो न सज्जइ भोगे सु तं वयं बूम माहणं

४७६

कम्मुणा बभणो होइ

४७७

तवस्सियं किस दन्त अवचियमंससोणियं।
सुव्वय पत्तनिव्वाण, त वयं बूम माहणं ।।

४७८

अलोलुय मुहाजीविं अणगार अकिचणं।
असंसत्त गिहत्थेसु त वय बूम माहणं

४७९

बभचेरेण बंभणो

४७३

जो देवता मनुष्य तथा तीर्यञ्च सम्बन्धी सभी प्रकार के मैथुन भाव का तन मन वचन से कभी सेवन नहीं करता उसे हम ब्राह्मण कहते हैं।

४७४

जैसे कमल जल में उत्पन्न होकर भी जल से लिप्त नही होता उसी प्रकार जो संसार में रह कर भी काम वासनाओ से लिप्त नही होता उसे हम ब्राह्मण कहते हैं।

४७५

जो स्त्री पुत्रादि के सम्बन्धो को जाति बिरादरी के मेल मिलाप को वन्धु जनो को एक वार त्याग कर उनके प्रति कोई आसक्ति नही रखता, दुबारा काम भोगों मे नही फंसता उसे हम ब्राह्मण कहते हैं।

४७६

कर्म से ही ब्राह्मण होता है।

४७७

जो तपस्वी कृश एवं इन्द्रियो का दमन करने वाला है जिसके मास और रुधिर का अपचय हो चुका है जो व्रतशील एवं शान्त है उसको हम ब्राह्मण कहते हैं।

४७८

जो मनुष्य लोलुप नही है जो निर्दोष भिक्षा वृत्ति से निर्वाह करता है, जो गृह-त्यागी है, अकिंचन है, गृहस्थो में अनासक्त है उसे हम ब्राह्मण कहते हैं।

४७९

ब्रह्मचर्य के पालन से ब्राह्मण होता है।

रात्रि भोजन

४८०

अत्थंगयम्मि आइच्चे, पुरत्था य अणुग्गए ।
आहारमाइयं सव्वं, मणसा वि न पत्थए ।।

४८१

सन्तिमे सुहुमा पाणा, तसा अदुव थावरा
जाइं राओ अपासंतो, कहमेसणियं चरे

४८२

से असणं वा, पाणं वा, खाइमं वा, साइम वा,
ने वसयं राइंभुञ्जिज्जा नेवन्नेहि राइं
भुंज्जाविज्जा राइं भुंजंते
वि अन्ने न समणुजाणिज्जा

४८३

राईभोयण विरओ जीवभवई अणासवो

४८४

उदउल्लं बीयसंसत्तं, पाणा निव्वडिया महिं ।
दिया ताइ विवज्जेज्जा राओ तत्थ कहं चरे ।।

रात्रि भोजन

४८०

सूर्योदय के पहले या सूर्यास्त के बाद संयमी मनुष्य को भोजन पान आदि किसी भी वस्तु की मन से इच्छा नही करनी चाहिए ।

४८१

ससार में बहुत से त्रस और स्थावर प्राणी बडे ही सूक्ष्म होते है वे रात्रि को दिखाई नही देते तब रात्रि भोजन कैसे किया जा सकता ?

४८२

साधक अन्नपाणखादमस्वादम इन चारो आहार का रात्रि में न स्वय सेवन करे न करावे न करते हुए को भला जानें ।

४८३

जो रात्रि भोजन से विरत रहता दूर रहता वह आस्त्रव रहित हो जाता है ।

४८४

कही जमीन पर कुछ पडा होता है, कही बीज बिखरे होते हैं और कही पर सूक्ष्म कीड़े मकोड़े होते हैं दिन मे तो उन्हे टाला जा सकता है किन्तु रात्रि मे उन्हे बचाकर भोजन कैसे किया जा सकता है ।

४८५

चउव्विहे वि आहारे राई भोयण वज्जणा
सन्निही संचओ चेव वज्जेयव्वो सुदुक्करं

४८६

अग्गं वणिएहि आहियं धारंति राइणिया इहं
एवं परमामहव्वया अक्खाया उ सराइभोयणा

४८७

सव्वाहारं न भुंजति, निग्गंथा राइभोयणं

४८५

अन्न आदि चतुर्विध आहार का रात्रि मे सेवन नही करना चाहिए तथा दूसरे दिन के लिए भी रात्रि मे खाद्य पदार्थ का संग्रह करना निषिद्ध है। अतः रात्रि भोजन का त्याग वास्तव मे बडा दुष्कर है।

४८६

जिस प्रकार दूर-देशान्तर से व्यापारी द्वारा लाये हुए बहुमूल्य रत्नो को राजा लोग ही धारण कर सकते है। इसी प्रकार तीर्थंकर द्वारा कथित रात्रि भोजन त्याग के साथ पंचमहाव्रतो को कोई विशिष्ट आत्मा ही धारण कर सकती है।

४८७

निर्ग्रन्थ मुनि रात्रि के समय किसी भी प्रकार का आहार नही करते।

सदाचार

४८८

जहा सुणी पुइकन्नी निक्कसिज्जई सव्वसो
एवं दुस्सील पडिणीए मुहरी निक्कसिज्जई

४८९

कणकुण्डगं चइत्ताणं विट्ठंभुंजइ सूयरे
एवं सीलं चइत्ताणं दुस्सीले रमई मिए

४९०

विणए उविज्ज अप्पाणं
इच्छन्तो हियमप्पणो

४९१

चीराजिण नगिणिण जडिसंघाडि मुंडिण
एयाणि वि न तायन्ति दुस्सीलंपरियागयं

४९२

भिक्खाए वा गिगत्थे वा
सुव्वए कम्मइ दिवं

सदाचार

४८८

जिस प्रकार सडे हुए कानों वाली कुतिया जहाँ भी जाती है, निकाल दी जाती है उसी प्रकार दुःशील उद्दंड और वाचाल मनुष्य भी सर्वत्र धक्के देकर निकाल दिया जाता है।

४८९

जिस प्रकार चावलो का स्वादिष्ट भोजन छोडकर शूकर विष्ठा खाता है उसी प्रकार पशुवत जीवन बिताने वाला अज्ञानी सदाचार को छोड कर दुराचार को पसन्द करता है।

४९०

आत्मा का हित चाहने वाला साधक स्वयं को सदाचार मे स्थिर करे।

४९१

चीवर, मृगचर्म, नग्नता, जटाएं, और शिरोमुंडन, ये सभी उपक्रम आचार हीन साधक की दुर्गति से रक्षा नही कर सकते।

४९२

भिक्षु हो चाहे गृहस्थ हो जो सदाचारी है वह दिव्य गति को प्राप्त होता है।

४६३

गिहिवासे वि सुव्वए

न संतसति मरणं ते सीलवन्ता बहुस्सुया ।

४६४

नत अरी कंठछित्ताकरेइ

जं से करे मप्पणिया दुरप्पा

४६५

भणंता अकरेन्ता य, बंध मोक्ख पइण्णिणो ।

वायावीरियमेत्तेण, समासासेन्ति अप्पयं ।।

४६६

न चित्ता तायए भासा, कुओ विज्जाणुसासणं

४६७

मा णं तुमं पदेशी

पुव्वं रमणिज्जे भवित्ता,

पच्छा अरमणिज्जे भवेज्जासि ।

४६३

धर्म शिक्षा सम्पन्न गृहस्थ गृहवास मे भी सदाचारी है। ज्ञानी और सदाचारी आत्माएं मरण काल में भी भयाकान्त नहीं होते।

४६४

गर्दन काटने वाला शत्रु भी इतनी हानि नही करता जितनी हानि दुराचार मे प्रवृत्त अपना ही स्वय का आत्मा कर सकता है।

४६५

बन्ध और मोक्ष की चर्चा करने वाले दार्शनिक केवल वाणी के बल पर ही आत्मा को आश्वासन देते हैं। किन्तु आचरण कुछ भी नही करते वे केवल बोलकर ही रह जाते हैं।

४६६

विविध भाषाओ का ज्ञान मनुष्य को दुर्गति से बचा नही सकता तो फिर विद्याओ का अनुशासन कैसे किसी को बचा सकेगा ?

४६७

हे राजन्। तुम जीवन के पूर्वकाल मे रमणीय होकर उत्तर काल मे अरमणीय मत बनना।

४६८

तमे णामं एगे जोइ, जोई णाम एगे तमे ।

४६९

धम्मज्जियं च ववहारं बुद्धेहिं आयरियं सया ।
तमायरंतो ववहारं गरहं णाभिगच्छइ ॥

४६८

कभी कभी अज्ञान अन्धकार मे भी सदाचार की ज्योति जल उठती है और कभी कभी ज्ञान ज्योति पर दुराचार का अन्धकार भी छा जाता है ।

४६६

जो व्यवहार धर्म सगत है जिसका तत्वज्ञ आचार्यो ने सदा आचरण किया उस व्यवहार सदाचार का आचरण करने वाला मनुष्य कभी भी निन्दा का पात्र नही होता ।

सेवा

५००

वेयावच्चेणं तित्थयर नामगोयंकम्म निवंधेइ

५०१

असगिहीय परिजणस्स सगिण्हणयाए अब्भुट्टेयव्व भवई

५०२

गिलाणस्स अगिलाए वेयावच्चकरणयाए
अब्भुट्ठेयव्वं भवइ

५०३

समाहिकारए णं तमेव समाहिं पडिलब्भई

५०४

सुस्सूसए आयरि अप्पमत्तो

सेवा

५००

आचार्यादि की वैयावृत्त्य करने से जीव तीर्थकर नाम गौत्र का उपार्जन करता है।

५०१

अनाश्रित एव असहायप्रजनो को सहयोग एवं आश्रय देने के लिए तत्पर रहना चाहिए।

५०२

रोगी की सेवा करने के लिए सदा अग्लानभाव से तैयार रहना चाहिए।

५०३

जो दूसरो के सुख एवं कल्याण का प्रयत्न करता है वह स्वय भी सुख एव कल्याण को प्राप्त होता है।

५०४

शिष्य अप्रमादी होता हुआ आचार्य की सेवा भक्ति करे

सत्संग

५०५

सवणे नाणे य विन्नाणे, पच्चक्खाणेय संजमे
अणण्हये तवे चेव, वोदाणे अकिरिया सिद्धी

५०६

कुज्जा साहूहिं संथव

सत्संग

५०५

सत्संग से धर्म, श्रवण से तत्व ज्ञान, तत्वज्ञान से विज्ञान-विशिष्ट तत्व बोध, विज्ञान से प्रत्याख्यान, सासारिक पदार्थों से विरक्ति प्रत्याख्यान से संयम, संयम से अनाश्रव, नवीन कर्म का अभाव अनाश्रव से तप, तप से पूर्वबद्ध कर्मों का नाश, पूर्वबद्ध कर्म नाश से निष्कर्मता, सर्वथा कर्म रहित स्थिति और निष्कर्मता से सिद्धि अर्थात् मुक्त स्थिति प्राप्त होती है।

५०६

हमेशा साधु के साथ ही सत्संग करो।

संतोष

५०७

संतोसिणो नो पकरेंति पावं

५०८

सद्दे अतित्तेय परिग्गहम्मि
सत्तो व सत्तो न उवेइ तुट्ठि

५०९

सतोसपाहन्नरए स पुज्जो

संतोष

५०७

सन्तोषी साधक कभी पाप नही करते।

५०८

शब्द आदि विषयों मे अतृप्त और परिग्रह में आसक्त रहने वाला अत्मा संतोष को कभी प्राप्त नही होता।

५०९

जो सतोष के पथ मे रमता है, वही पूज्य है।

कर्त्तव्य

५१०

अकिरियं परिवज्जए

५११

सव्वं सुचिण्णं सफलं नराणं

५१२

जाइ सद्धाइ निक्खत्तो
तमेव अणु पालिज्जा

५१३

णो जीवितं णो मरणाहि कंखी

५१४

अणट्ठाजे य सव्वत्था परिवज्जेज्ज

५१५

रायणिएसु विणयं पउंजे

५१६

अलं बालस्स संगेणं

५१७

चरेज्ज अत्त गवेसए

कर्त्तव्य

५१०

अकर्त्तव्य का परिवर्जन कर दें।

५११

सभी सुकृत्य मनुष्यो के लिए अच्छा फल लाने वाले होते हैं।

५१२

जिस श्रद्धा के साथ धर्म मार्ग पर निकले उसी अनुसार उसका अनुपालन करे।

५१३

अनासक्त महापुरुष न तो जीवन की आकाक्षा करे और न मृत्यु की ही आकाक्षा करे।

५१४

जो अनर्थ रूप है उन्हे सर्वथा छोड दे।

५१५

ज्ञानदर्शन चारित्र मे वृद्धपुरुषो के प्रति विनय रखना चाहिए।

५१६

मूर्ख आदमियो के संसर्ग से दूर रहो।

५१७

आत्मा का अनुसंधान करने वाला चारित्र शील हो।

५१८

धुय मायरेज्ज

५१९

अतत्ताए परिव्वए

५२०

निव्विदेज्ज सिलोग पूयण

५२१

सुपरिच्चाई दमं चरे

५२२

सत्थार भत्ती अणुवीई वायं

५१८

संयम का आचरण करो।

५१९

आत्मा को पाप से वचाने के लिए संयम शील हो।

५२०

अपनी प्रशसा पूजा और प्रतिष्ठा से दूर ही रहो।

५२१

सुपरित्यागी इन्द्रिय दमन रूप धर्म का आचरण करें।

५२२

आचार्य की भक्ति विचार पूर्वक वाणी मे रही हुई है।

अध्यात्म और दर्शन (२)

आत्मा *
वैराग्य *
श्रमण *
श्रमणोपासक *
सम्यग्ज्ञान *
सम्यग्दर्शन *
सम्यक्चारित्र *
वाणी विवेक *
कर्म *
योग *
महापुरुष *
अनित्यता *
तत्वस्वरूप *
मोक्ष *
भिक्षाचरी *
उपदेश *
प्रशान्त *
स्नेह सूत्र *

अज्ञान *
अप्रमाद *
अनासक्ति *
मनोनिग्रह *
रागद्वेष *
पापपुण्य *
मानवजीवन *
अभय *
अधर्म *
अनिष्ट-प्रवृत्ति *
कामादि *
बाल और पंडितमरण *
क्षमा *
गुरु शिष्य *
इन्द्रिय निग्रह *
मृत्यु कला *
परलोक *
मोह *

आत्मा

५२३

एगे आया

५२४

नो इन्दियगेज्झ अमुत्तभावा
अमुत्तभावा वि य होइ निच्चो

५२५

अरुवी सत्ता अपयस्स पयं नत्थि।

५२६

जेण वियाणई से आया।

५२७

कप्पिओ फालिओ छिन्नो उक्कित्तो अ अणेगसो

५२८

दड्ढो पक्को अ अवसो पावकम्मेहिं पाविओ

आत्मा

५२३

स्वरूप दृष्टि से सभी आत्माएँ समान हैं।

५२४

मुक्त जीवात्मा अमूर्त स्वरूप है, इसलिए इन्द्रियो द्वारा ग्राह्य नही है, अमूर्त स्वरूप होने की वजह से वह निश्चय पूर्वक नित्य है।

५२५

मुक्त जीव अरूपी सत्ता वाला होता है, शब्दातीत के लिए शब्द नही होता अपद के लिए पद नही है।

५२६

जिससे ज्ञान होता है, वही आत्मा है।

५२७

यह आत्मा अनेक वार काटा गया, फाडा गया, छेदन किया गया और चमडी उतारी गयी। फिर भी आत्मा-आत्मा है।

५२८

यह पापी आत्मा पापकर्मों द्वारा आग से जलाया गया, पकाया गया और दु.ख झेलने के लिए विवश किया गया। फिर भी यह ज्यो का त्यो है।

५२९

अन्नो जीवो अन्नं सरीरं

५३०

अहं अव्वए वि अहं अवट्ठिए वि

५३१

हत्थिस्स य कुंथुस्स य समे चेव जीवे

५३२

अत्तकडे दुःक्खे नो परकडे

५३३

सरीर माहु नावत्ति, जीवो वुच्चइ नाविओ
संसार अण्णवो वुत्तो जे तरन्ति महेसिणो

५३४

वरं मे अप्पा दन्तो संजमेण तवेणय
माऽहं परेहिं दम्मन्तो बन्धणेहिं वहेहिय

५३५

न तं अरी कठ छेत्ता करेइ जं से करे अप्पणिया दुरप्पा

५२९

आत्मा और है शरीर और है।

५३०

मैं आत्मा अविनाशी हूँ और अवस्थित भी हूँ।

५३१

आत्मा की दृष्टि से हाथी और कुन्थुआ इन दोनो में एक ही आत्मा है।

५३२

आत्मा का दु ख अपना ही किया हुआ दु ख है, किसी अन्य का नही।

५३३

शरीर नाव है, आत्मा नाविक है। ससार समुद्र है इस ससार समुद्र को महर्षि जन पार करते हैं।

५३४

दूसरे लोग मेरा बन्धनादि से दमन करें इसकी अपेक्षा मैं सयम और तप के द्वारा अपना दमन करूँ, यह अच्छा है।

५३५

सिर काटने वाला शत्रु भी उतना बुरा नही करता जितना कि दुराचरण मे आसक्त आत्मा करती है।

५३६

संबुज्झह किं न बुज्झह संबोहि खलु पेच्च दुल्लह।
नो हुवणमतिराइओ नो सुलभ पुणरावि जीविय

५३७

भावणा जोग सुद्धप्पा, जले नावा व आहिया
नावा व तीर सम्पन्ना, सव्वदुक्खातिउट्टइ

५३८

जे एगं जाणइ से सव्वं जाणइ

५३९

सुयं च अज्झत्थं च मे बंध पमोक्खो अज्झत्थेव

५४०

जे आया से विन्नाया जे विन्नाया से आया

५४१

इमेण मेव जुज्झाहि किं ते जुज्झेण बज्झओ
जुज्झारिहं खलु दुल्लह

५३६

मनुष्यो ! जागो जोगो, अरे तुम क्यो नही जगते ? परलोक में अन्तर्जागिरण प्राप्त होना दुर्लभ है। वीती हुई रात्रियाँ कभी लौट कर नही आती पुनः मानव जीवन पाना आसान नही है अत. अपने आपको समझिए।

५३७

भावना योग से जिसका अन्तरात्मा शुद्ध हो गया है वह पुरुष जल मे नाव के समान माना गया है, जैसे तीर भूमि को पाकर नाव विश्राम करती है इसी प्रकार वह मानव सब दु'खो से छुटकारा पा जाता है।

५३८

जो एक आत्म स्वरूप को जानता है, वह सब कुछ जानता है।

५३९

मैंने सुना है और अनुभव किया है कि बन्ध और मोक्ष तुम्हारी आत्मा पर ही निर्भर करता है।

५४०

जो आत्मा है वह विज्ञाता है जो विज्ञाता है वही आत्मा है।

५४१

मनुष्य जीवन पाकर कर्मो से युद्ध करो, वाह्ययुद्धो से तुझे क्या लेना-देना है ? यदि इस बार चूक गए तो युद्ध के योग्य नर जन्म मिलना कठिन है।

५४२

अप्पानई वेयरणी अप्पा मे कूड़ सामली
अप्पा काम दुहा धेणू अप्पामे नन्दण वणं

५४३

अप्पाकत्ताविकत्ताय दुहाणय सुहाणय
अप्पामित्तममित्त च दुपट्ठिअ सुपट्ठिओ

५४४

अप्पा चेव दमेयव्वो अप्पाहु खलु दुद्दमो
अप्पा दन्तो सुहो होइ अस्सि लोए परत्थय

५४५

अप्पाण मेव जुज्झाहि
किं ते जुज्झेण बज्झओ

५४६

अप्पाणं जइत्ता सुह मेहए

५४७

सव्व अप्पे जिए जिय

५४२

अपनी आत्मा ही नरक की वैतरणी नदी तथा कूटशाल्मली वृक्ष है और अपनी आत्मा ही स्वर्ग की काम दुधाधेनु तथा नन्दन वन है ।

५४३

आत्मा ही अपने सुख-दु ख का कर्ता तथा भोक्ता है अच्छे मार्ग पर चलने वाला आत्मा अपना मित्र है और बुरे मार्ग पर चलने वाला आत्मा अपना शत्रु है ।

५४४

आप अपने आप अपना दमन कीजिए । क्योकि अपने से अपना दमन कठिन है । जो अपने से अपना दमन कर सकता है, वह दोनो लोको मे सुखी रहता है ।

५४५

आत्मा से ही युद्ध करो । वाह्य युद्ध से तुम्हे क्या प्राप्त होने वाला है ?

५४६

आत्मा को जीत कर सुख प्राप्त करो ।

५४७

आत्मा को जीत लेने पर सब कुछ जीता हुआ ही है ।

५४८

जे अज्झत्थं जाणइ से बहिया जाणइ
जे बहिया जाणइ से अज्झत्थं जाणइ

५४९

एगं जिणेज्ज अप्पाणं
एस से परमो जओ

५५०

पाडिओ फालिओ छिन्नो
विप्फुरन्तो अणेगसो

५४८

जो आंतरिक को जानता है वही वाह्य को भी जानता है और जो बाह्य को जानता है वही आंतरिक को भी जानता है ।

५४९

अकेली आत्मा पर ही विजय प्राप्त करो यही सर्वश्रेष्ठ विजय है ।

५५०

यह आत्मा अनेक बार इधर उधर भागते हुए पटका गया, फाड़ा गया, छिन्न-भिन्न किया गया ।

वैराग्य

५५१

एगे अहमंसि न मे अत्थिकोइ
न या हमवि कस्स वि

५५२

परिजूरइ ते सरीर यं

५५३

विड्डइ विद्धसइ ते सरीर यं

५५४

दुमपत्तए पंडुयए जहा
एवं मणुयाण जीवियं

५५५

कुसग्गे जह ओस विंदुए
एवं मणुयाण जीवियं

५५६

कुसग्गे पणुन्नं निवइयं वाएरियं
एवं बालस्स जीवियं

वैराग्य

५५१

मैं अकेला ही हूँ, मेरा कोई नही है, और मैं भी किसी का नही हूँ।

५५२

तुम्हारा शरीर निश्चय ही जीर्ण होने वाला है।

५५३

हे गौतम ! यह तुम्हारा शरीर छूट जाने वाला है, विध्वंस हो जाने वाला है।

५५४

जैसे वृक्ष का पीला पत्ता गिर पडता है, वैसे ही मनुष्य के जीवन को समझो।

५५५

जैसे घास पर ओस की बुद अस्थिर होती है वैसे ही यह मनुष्य जीवन भी अस्थिर है।

५५६

जैसे कुशाग्र पर ठहरा हुआ जलबिंदु हवा द्वारा प्रेरणा पाकर गिर पड़ता है वैसे ही बाल जन का भोगी जीवन भी नष्ट हो जाता है।

५५७

णा य संखय माहु जीवितं
तह विय बाल जणो पगब्भई

५५८

तरुण ए वाससयस्स तुट्टती
इत्तर वासे य वुज्झह

५५९

ताले जह वधण चुए
एवं आउक्खयमि तुट्टती

५६०

एको सयं पच्चणु होइ दुक्खं

५६१

मच्चुणाऽब्भाहओ लोगो
जराए परिवारिओ

५६२

माया पिया णहुसा भाया
नालं ते मम ताणाए

५६३

एगत्त मेय अभिपत्थएज्जा

५५७

टूटा हुआ जीवन पुन. नही जोडा जा सकता है फिर भी वाल-जन पाप करता ही रहता है ।

५५८

सो वर्ष की आयु वाले पुरुप की आयु भी तरुण अवस्था मे टूट जाया करती है अत यहा पर अल्प कालीन वास ही समझो ।

५५९

जैसे वंधन से गिरा हुआ ताड़फल टूट जाता है वैसे ही आयुष्य के क्षय होते ही प्राणी परलोक चला जाता है ।

५६०

दु.ख का अनुभव अकेले को ही और खुद को ही करना पड़ता है।

५६१

यह ससार मृत्यु से पीडित है और वुढापे से गिरा हुआ है ।

५६२

माता पिता पुत्र वन्धु भाई कोई भी मेरी रक्षा के लिए समर्थ नही है ।

५६३

एकत्व भावना की ही प्रार्थना करो ।

५६४

एगस्स जतो गति रागतीय

५६५

संवेगेणं अणुत्तरं धम्म सद्धं जणयइ

५६६

विरत्ता उ न लग्गन्ति
जहा सुक्को गोलश्रो

५६७

कम्माणं तु पहाणाए आणुपुव्वी कयाइउ
जीवा सोहि मणुपत्ता आययंति मणुस्सयं

५६८

जम्मं दुःक्ख जरा दुःक्खं, रोगाय मरणाणिय
अहो दुःक्खो हु संसारो, जत्थ कीसति जंतुणो

५६९

जाणित्तुं दुक्खं पत्तेय, सायं अणभिक्कतच
खलु वय सपेहाए, खण जाणाहि पड़िए।

५७०

माणुसत्ते असारम्मि, बाहिरोगाण आलए।
जरा मरण घत्थम्मि, खणं पि न रमामहं।

५६४

प्राणी अकेला ही जाता है, और अकेला ही आता है।

५६५

वैराग्य भावना से श्रेष्ठ धर्म रूप श्रद्धा उत्पन्न होती है।

५६६

जैसे सूखे गोले पर कुछ चिपक नही सकता वैसे ही विरक्त आत्माएं कर्म मल से सलग्न नही होती।

५६७

जब पाप कर्मो का वेग क्षीण होता है और अन्तरात्मा क्रमश. शुद्धि को प्राप्त होता है तब कही मनुष्य जन्म मिलता है।

५६८

जन्म दु ख है जरा बुढापे का दु ख है रोग मरण का दुःख है, अहो ! सारा संसार दु ख रूप ही है। यहाँ सब प्राणी दुःख की आग मे जल रहे हैं।

५६९

पण्डित ! सुख और दु ख प्रत्येक प्राणी को सहने पड़ते हैं, अब भी जीवन की घडियाँ शेप हैं। इस प्रकार का विचार करके अवसर को पहचान, इसे मत भूल।

५७०

मानव शरीर असार है आधिव्याधियो का घर है जरा और मरण से ग्रस्त है अत. मैं क्षण भर भी इसमे रहना नही चाहता।

५७१

असासए सरीरम्मि, रइ नोवलभामह।
पच्छा पुरा व चइयव्वे, फेणवुब्बुय सन्निभे

५७२

जीविय चेव रुव च, विज्जुसपाय चञ्चल
जत्थ त मुज्झसिराय पेच्चत्थ नाव वुज्झसि

५७३

जो परिभवइ पर जण, ससारे परिवत्तई मह।
अदु इंखिणिया ऊ पाविया, इति संखाय मुणीण मज्झई।

५७४

जेण सिया तेण णोसिया इणमेव
नाव बुज्झन्ति जे जणा मोह पाउडा

५७५

जह तुब्भे अह अम्हे तुम्हे, वि होहिहा जहा अम्हे
अप्पाहेइ पडत पंडुअ, पत्तं किस लयाणं

५७१

यह शरीर पानी के बुलबुले के समान क्षण भंगुर है, पहले या पीछे एक दिन इसे छोडना है अत· इसके प्रति मेरी तनिक भी आसक्ति नही है ।

५७२

मनुष्य का जीवन और रूप सौन्दर्य विजली की चमकवत् चचल है । राजन् आश्चर्य है, फिर भी तुम इस पर मुग्ध हो रहे हो परलोक की ओर क्यो नही निहारते ?

५७३

जो मनुष्य दूसरे का तिरस्कार करता है वह चिर काल तक संसार मे परिभ्रमण करता है । पर निन्दा पाप का कारण है यह समझ कर साधक अहभाव का पोपण नही करते ।

५७४

तुम जिनसे सुख की आशा रखते हो वस्तुतः वे सुख के कारण हैं नही मोह से घिरे हुए लोग इस वात को नही समझते ।

५७५

पीला पत्ता जमीन पर पडता हुआ अपने साथी हरे पत्तो से कहता है, आज जैसे तुम हो एक दिन हम भी ऐसे ही थे और आज जैसे हम हैं एक दिन तुम्हे भी ऐसा ही होना है ।

५७६

जावंतविज्जा पुरिसा, सव्वे ते दुक्ख संभवा ।
लुप्पंति बहुसो मूढा, संसारम्मि अणंतए ।

५७७

जीवियं नाभि कंखेज्जा, मरणं नो वि पत्थए ।
दुहओ वि न सज्जेज्जा, जीविए मरणे तहा ।

५७६

जितने भी अज्ञानी पुरुष हैं वे सब दु:ख के भागी है। सत् असत् के विवेक से शून्य वे इस अनन्त ससार मे बार-बार पीड़ित होते रहते हैं।

५७७

साधक, न तो जीवित रहने की इच्छा करे और न शीघ्र मरना ही चाहे, जीवन तथा मरण किसी मे भी आसक्ति न रखे।

श्रमण

५७८

सम सुह दुक्ख सहे अजे स भिक्खू

५७९

रोइ अनाय पुत्तवयणे पचासव संवरे जे सभिक्खू

५८०

वंतं नो पडिआयइ जे सभिक्खू

५८१

जे कम्हि विन मुच्छिए स भिक्खू

५८२

मण वय कायसु सवुडे स भिक्खू

५८३

धम्मज्भाणरए अजे स भिक्खू

५८४

सव्व सगावगए अ जे स भिक्खू

५८५

अणाइले या अकसाइ भिक्खू

श्रमण

५७८

जो सुख दुःख सहने मे समभाव रखता है, वह भिक्षु है ।

५७९

ज्ञातपुत्र महावीर के वचन मे रूचि लाकर जो पाचो आश्रवो का संवर करता है वही भिक्षु है ।

५८०

त्यागे हुए को जो पुनः ग्रहण नही करता वही भिक्षु है ।

५८१

जो किसी मे भी मूर्च्छित नही होता है वही भिक्षु है ।

५८२

जो मन वचन काया के द्वारा सवृत्त है, व्रत शील है, वही भिक्षु है ।

५८३

जो धर्म ध्यान मे रत है वही भिक्षु है ।

५८४

जो सभी प्रकार की सगति से दूर है वही भिक्षु है ।

५८५

अनाविल (पापरहित) अथवा अकषायी ही भिक्षु होता है ।

५८६

निग्गंथा उज्जु दंसिणो

५८७

धम्मारामे चरे भिक्खू

५८८

भिक्खू सुसाहुवादी

५८९

चरे मुणी सव्वउ विप्पमुक्के

५९०

निद्दं च भिक्खू न पमाय कुज्जा

५९१

अलोलं भिक्खू न रसे सुगिज्झे

५९२

सामण्णं दुच्चरं

५९३

मुणी ण मज्जई

५९४

निम्ममो निरहंकारो, चरे भिक्खू जिणाहय ।

५९५

अभयंकरे भिक्खु अणाविलप्पा

५८६

निर्ग्रन्थ सरल दृष्टि वाले होते हैं।

५८७

भिक्षु धर्म रूपी वाटिका में ही विचरे।

५८८

भिक्षु सत्य और मधुर बोलने वाला होता है।

५८९

सब तरह से प्रपञ्च से दूर रहता हुआ मुनि जीवन का व्यवहार चलावे।

५९०

भिक्षु निद्रा और प्रमाद नही करे।

५९१

अचचल होता हुआ (अनासक्त होता हुआ) भिक्षुओ मे गृद्ध न हो।

५९२

श्रमण धर्म का आचरण करना अति कठिन है।

५९३

मुनि अहकार नही करता है।

५९४

ममता रहित और अहकार रहित होता हुआ भिक्षु जिन आज्ञानुसार विचरे।

५९५

रागद्वेष रहित आत्मा वाला भिक्षु अभय दान देता रहे।

५९६

भिक्खवत्ती सुहावहा

५९७

मुणीमोणंसमायाय धुणे कम्म सरीरगं

५९८

समे य जे सव्वपाण, भूतेसु सेहु समणे

५९९

विहंगमा व पुप्फेसु दाणभत्ते सणे रया

६००

अवि अप्पणो विदेहम्मि नायरति ममाइयं

६०१

मुच्चा पिच्चा सुह सुवई, पावसमणेत्ति वुच्चइ

६०२

असविभागो अचियत्ते पावसमणेत्ति वुच्चइ

६०३

सो समणो जइ सुमणो, भावेण जइण होइ पावमणो ।
सयणे य जणे य समो, समो य माणावमाणेसु ॥

५९६

भिक्षा वृत्ति सुखो को लाने वाली है।

५९७

मुनि मौन को ग्रहण करके शरीर मे रहे हुए (आत्मस्थ) कर्मों को कंपित कर दे।

५९८

जो समस्त प्राणियो के प्रति समभाव रखता है वही श्रमण है।

५९९

श्रमण जीवनोपयोगी आवश्यक्ताओ की इस प्रकार पूर्ति करे कि किसी को कुछ कष्ट न हो।

६००

अकिंचन मुनि, और तो क्या अपने देह पर भी ममत्व नही रखते।

६०१

जो श्रमण खा पीकर खूब सोता है, समय पर धर्माराधना नही करता है, वह पाप श्रमण कहलाता है।

६०२

जो श्रमण प्राप्त सामग्री को साथियो मे बाटता नही है वह पाप श्रमण कहलाता है।

६०३

जिसका हृदय सदा प्रफुल्लित है जो कभी भी पाप चिन्ता नही करता जो स्वजन परजन तथा मान और अपमान बुद्धि का सन्तुलन रखता है वही श्रमण है।

६०४

जह मम न पिय दुक्खं, जाणिय एमेव सव्वजीवाणं ।
न हणइ न हणावेइ य, समणमई तेण सो समणो ॥

६०५

णत्थि ये से कोइ वेसो पिम्रो य सव्वेसु चेव जीवेसु ।
एएण होइ समणो, एसो अन्नो वि पज्जाम्रो ॥

६०६

नाणदंसणसम्पन्नंसंजमे य तवे रयं
एवं गुण समाउत्तं संभ्रयं साहुमालवे ।

६०४

जिस प्रकार मुझे दुःख अच्छा नही लगता उसी प्रकार सभी जीवो को दुःख अच्छा नही लगता यह समझ कर जो न स्वयं हिंसा करता न करवाता अर्थात् सभी प्राणियो पर समबुद्धि रखता है वही श्रमण है।

६०५

श्रमण की एक व्याख्या यह भी है कि जो किसी से द्वेष नही करता जिसे सब समान भाव से प्रिय है, वह श्रमण है।

६०६

सच्चा श्रमण उसी को कहना चाहिए जो ज्ञान और दर्शन से सम्पन्न हो सयम और तपश्चरण मे लीन हो और सदा सद्गुण को धारण करने वाला हो।

६०७

धम्मेणं चेव वित्ति कप्पेमाणाविहरंति

६०८

चत्तारि समणोवासगा अद्दागसमोण पडागसमाणे खाणु समाणे खरकंट समाणे

६०९

उस्सिय फलिहा, अवंगुय-दुवारा, चियत्तंतेउर-परघरपवेसा ।

श्रमणोपासक

६०७

सद्गृहस्थ धर्मानुकूल ही आजीविका करते है।

६०८

श्रमणोपासक चार प्रकार के होते हैं—
सर्पण के समान–स्वच्छहृदय,
पताका के समान अस्थिर हृदय
स्थाणु के समान मिथ्याग्रही
तीक्ष्णकंटक के समान कटुभाषी

६०९

जिसका हृदय स्फटिक रत्न के समान निर्मल, दानादि लोक सेवा के लिए उदार चित्रवाला है और जिसके घर का द्वार सदा खुला रहता है। राजभवन से लेकर साधारण घरो तक वह नि शक होकर प्रवेश कर सकता है। ऐसा श्रावक का जीवन होता है।

ज्ञान

६१०

तम्हा पण्डिए नो हरिसे नो कुप्पे

६११

उद्देसो पासगस्स नत्थि

६१२

कुसले पुण नो बद्धे न पुत्ते

६१३

पन्नाणेहिं परियाणह लोयं मूणोत्ति वुच्चे

६१४

आयंकदंसी न करेइ पावं

६१५

का अइई के आणंदे ?

६१६

सउणीजह पंसु गुंड़िया, विहुणिय धसयई सियं रय।
एवं दवि ओवहाण वं, कम्मं खवई तवस्सिमाहणे॥

ज्ञान

६१०

आत्म ज्ञानी साधक को किसी भी स्थिति मे न हर्षित होना चाहिए न कुपित ही।

६११

तत्वद्रष्ट्रा को किसी के उपदेश की अपेक्षा नही है।

६१२

ज्ञानी के लिए वन्ध या मोक्ष जैसा कुछ नही है।

६१३

जो अपने ज्ञान से संसार को ठीक तरह जानता है, वही मुनि कहलाता है।

६१४

जो संसार के दु.खो का ठीक तरह से दर्शन कर लेता है, वह पाप कर्म नही करता।

६१५

ज्ञानी के लिए क्या दुःख क्या सुख ? कुछ भी नही है।

६१६

मुमुक्षु तपस्वी अपने कृत कर्मों का वहुत शीघ्र ही अपनयन कर देता है जैसे कि पक्षी अपने पैरो को फड़फड़ाकर उन पर लगी हुयी धूल को झाड देता है।

६१७

जहा हि अंधे सह जो तिणावि
रुवादिणो पस्सति हीणणेत्ति

६१८

आहसु विज्जाचरणं पमोक्खं

६१९

न कम्मुणा कम्म खवेंति बाला
अकम्मुणा कम्म खवेंति धीरा

६२०

तमे णामं एगे जोई जोई णामं एगे तमे

६२१

इह भविए वि नाणे पर भविए
वि नाणे तदुभय भविए विनाणे

६२२

पढमं नाणं तओ दया

६२३

जहासूई ससुत्ता पड़िया वि न विणस्सइ
तहा जीवे ससुत्ते ससारे न विणस्सइ

६२४

नाणेण जाणइ भावे

६१७

जिस प्रकार अन्ध पुरुष प्रकाश होते हुये भी नेत्र न होने के कारण रुपादि कुछ भी नही देख पाता है इसी प्रकार प्रज्ञाहीन मनुष्य शास्त्र के समक्ष रहते हुये भी सत्य के दर्शन नही कर पाता।

६१८

ज्ञान एव विद्याचरण से ही मोक्ष प्राप्त होता है।

६१९

अज्ञानी मनुष्य पापानुष्ठान से कर्म का नाश नही कर पाते किन्तु ज्ञानी धीर पुरुष अकर्म से कर्म का क्षय कर देते हैं।

६२०

कभी कभी अज्ञानी मनुष्यो मे से भी ज्ञान ज्योति जल उठती है और कभी कभी ज्ञानी हृदय पर भी अज्ञान छा जाता है।

६२१

ज्ञान का प्रकाश इस जन्म मे रहता हैं परभव मे रहता है और कभी दोनो जन्मो मे भी रहता है।

६२२

पहले ज्ञान होना चाहिए फिर तदनुसार आचरण होना चाहिए।

६२३

धागे में पिरोइ हुयी सुई गिर जाने पर भी गुम नही होती, उसी प्रकार ज्ञान रूप धागे से युक्त आत्मा ससार मे भटकता नही, विनाश को प्राप्त नही होता।

६२४

ज्ञान से जीव, जीवादिक तत्वो को जानता है।

६२५

तत्थ पंचविहं नाणं सुयं अभिणिबोहियं
ओहि नाणं तु तइयं मण नाणं च केवलं

६२६

नाणेणविणा न हुंति चरण गुणा

६२७

दुविहा बोही णाण बोही चेव दंसण बोही चेव

६२८

एगेनाणे

६२९

महुगार समाबुद्धा

६३०

नाणी नो परिदेवए

६३१

सीहे मियाण पवरे एवं हवइ बहुस्सुए

६३२

सक्के देवाहिवई एवं हवई बहुस्सुए

६३३

सुयमहिट्ठिज्जा उत्तमट्ठ गवेसए

६२५

मति, श्रुत, अवधि, मनः पर्याय और केवल इस तरह ज्ञान पाच प्रकार का है।

६२६

ज्ञान के विना जीवन मे चारित्र के गुणो की प्राप्ति नही होती है।

६२७

समझ दो प्रकार की है, ज्ञान समझ और दर्शन समझ।

६२८

उपयोग की दृष्टि से ज्ञान एक प्रकार का है।

६२९

ज्ञानी मधुकर के समान होते हैं।

६३०

ज्ञानी कभी खेद नही करते।

६३१

जैसे सिह मृगो मे श्रेष्ठ होता है वैसे ही जनता मे वहुश्रुत व्यक्ति श्रेष्ठ होता है।

६३२

जैसे इन्द्र देवताओ का अधिपति होता है, वैसे ही विद्वान भी जनता मे प्रमुख होता है।

६३३

श्रुतशास्त्र का अध्ययन करके उत्तम अर्थ की, मोक्ष की खोज करे।

६३४

जिणो जाणइ केवली

६३५

ना दंसणिस्स नाणं

६३६

नाणेण य मुणी होइ
तवेण होई तावसो

६३७

बुद्धा हु ते अंतकड़ा भवंति

६३८

दुविहे नाणे पच्चक्खे चेव परोक्खे चेव

६३९

नाणसपन्नयाए जीवे
सव्व भावाहि गमं जणयइ

६४०

चउव्विहा बुद्धी उप्पइया वेणइया
कम्मिया पारिणामिया

६३४

जिन रूप केवली ही सब कुछ जानते हैं ।

६३५

सम्यक् दर्शन से रहित का सम्यग् ज्ञान नही होता है ।

६३६

ज्ञान से ही मुनि होता है और, तप से ही तपस्वी होता है ।

६३७

जो निश्चय मे ज्ञानी है वे संसार का अन्त करने वाले होते है ।

६३८

ज्ञान दो प्रकार का है प्रत्यक्ष और परोक्ष ।

६३९

ज्ञान की संम्पन्नता से जीव सभी पदार्थों का ज्ञान उत्पन्न कर लेता है ।

६४०

चार प्रकार की बुद्धि बतलाई गयी है ओत्पातिकी, वेनयिकी कार्मिक और पारिणामिकी ।

सम्यग्दर्शन

६४१

समत्तदंसी न करेइ पावं

६४२

नत्थि चरित्तं सम्मत्तविहूणं

६४३

नादंसणिज्ज नाण नाणेण विणा न हुंति चरणगुणा
अगुणिस्स नत्थि मोक्खो णत्थि अमोक्खस्स निव्वाणं

६४४

तहियाणं तु भावाण सब्भावे उवएसणं
भावेणं सद्दहन्तस्स सम्मत्त त वियाहियं

६४५

दसणेण य सद्दहे

६४६

नाणब्भट्ठा दसण लूसिणो

६४७

वोरा सम्मत्त दंसिणो सुद्धं तेसिं परक्कंतं

सम्यग्दर्शन

६४१

सम्यग्दर्शी साधक कभी पाप कर्म नही करता ।

६४२

सम्यक्त्व के अभाव मे चारित्र नही हो सकता ।

६४३

सम्यग्दर्शन के अभाव मे ज्ञान प्राप्त नही होता, ज्ञान के अभाव मे चारित्र के गुण नही आ सकते, गुणो के अभाव मे मोक्ष नही होता और मोक्ष के अभाव मे निर्वाण प्राप्त नही होता ।

६४४

जिवादिक सत्य पदार्थों के अस्तित्व के विषय मे सद्गुरु के उपदेश से अथवा स्वय ही अपने भाव से श्रद्धा करना दर्शन कहा गया है ।

६४५

दर्शन के अनुसार ही श्रद्धा रक्खो ।

६४६

सम्यक् दर्शन से पतित हुआ प्राणी सम्यग्ज्ञान से भी भ्रष्ट हो जाता है ।

६४७

जो वीर हैं और सम्यक्त्व दर्शी है, उन्ही का पराक्रम शुद्ध है ।

६४८

दसण सपन्नयाए भव मिच्छत्तछेयण करेई

६४९

सम्मद्दिठी सया अमूढ़े

६५०

दिट्ठिमं दिट्ठि ण लूसएज्जा

६५१

चउव्वीसत्थएणं दंसणविसोहिं जययइ

६५२

दुविहे दसणे सम्म दसणे चेव
मिच्छा दसणे चेव

६४८

दर्शन की सम्पन्नता से सांसारिक मिथ्यात्व का छेदन होता है।

६४९

सम्यक् दृष्टि सदैव अमूढ होता है।

६५०

सम्यक् दृष्टि वाला अपनी दृष्टि को दूषित नही करे।

६५१

चोवीस तीर्थंकरो की स्तुति से सम्यक्त्व शुद्धी होती है।

६५२

दर्शन दो प्रकार का है सम्यक्त्व दर्शन और मिथ्यात्वदर्शन।

चारित्र

६५३

चरित्तेण निगिण्हाई

६५४

अगुणिस्स नत्थि मोक्खो

६५५

चरित्त संपन्नयाए सेलेसी भावं जणयई

६५६

एगे चरित्ते

६५७

विज्जा चरणं पमोक्खं

६५८

सामाइय माहु तस्स जं, जो अप्पाणं भए ण दंसए ।

चारित्र

६५३

साधक चारित्र से भोग वासनाओ का निग्रह करता है।

६५४

चारित्र हीन को मोक्ष नही मिलता।

६५५

चारित्र सम्पन्नता से जीवन मे निर्मल गुण पैदा होता है।

६५६

एक ही चारित्र है।

६५७

ज्ञान और चारित्र ही मोक्ष है।

६५८

जो अपनी आत्मा के लिए किसी भी प्रकार का भय नही देखता है, यही उसके लिए सामायिक कही गयी है।

वाणीविवेक

६५९

नो वयणं फरुस वइज्जा

६६०

राइणियस्स भासमाणस्सवा वियागरेमाणस्स
वा नो अंतरा भास भासिज्जा

६६१

अणणुवोइ भासी से निग्गन्थे

६६२

अणणुवीइ भासो से निग्गथे
समावइज्जामोसं वयणाए

६६३

अणुचिंतिय वियागरे

६६४

जं छन्नं तं न वत्तव्वं

६६५

तुमं तुमंति अमणुन्नं सव्वसो तं न वत्तए

वाणीविवेक

६५९

कठोर वचन न बोले ।

६६०

अपने से वड़े गुरुजन जव बोलते हो विचार चर्चा करते हो तो उनके वीच मे न बोले ।

६६१

जो विचार पूर्वक बोलता है, वही सच्चा निर्ग्रन्थ है ।

६६२

जो विचार पूर्वक नही बोलता है, उसका वचन कभी असत्य से दूषित हो सकता है ।

६६३

जो कुछ बोले पहले विचार कर बोले ।

६६४

जो गोपनीय बात हो वह नही कहनी चाहिए ।

६६५

तू तूं जैसे अभद्र शब्द कभी नही बोलने चाहिए ।

६६६

विभज्जवाय च वियागरेज्जा

६६७

निरुद्धग वावि न दीहइज्जा

६६८

नाइवेल वएज्जा

६६९

इमाइं छ अवयणाइ वदित्तए अलियवयणे हीलियवयणे खिसितवयणे फरुसवयणे गारत्थिय वयणे विउसवित्तं वा पुणो उदीरित्तए

६७०

मोहरिए सच्चवयणस्स पलिमथू

६७१

जमटठंतु न जाणेज्जा एवमेयति नो वए

६७२

जत्थशंकाभवे त तु एवमेयेति नोवए

६७३

न लवे असाहु साहुत्ति, साहुँ साहुत्ति आलवे

६६६

विचार शील पुरुप सदा स्याद्वाद से युक्त वचन का प्रयोग करे ।

६६७

थोडे मे कही जानी वाली वात को लम्वी न करें ।

६६८

साधक आवश्यक्ता से अधिक न वोले ।

६६९

छ तरह के वचन नही वोलने चाहिए, असत्यवचन, तिरस्कार युक्त वचन, झिडकते हुए वचन, कठोर वचन, साधारण मनुष्यो की तरह अविचार पूर्णवचन, और शान्त हुए कलह को फिर से भडकाने वाले वचन ।

६७०

वाचालता सत्य वचन का विघात करती है ।

६७१

जिस वात को स्वय न जानता हो उसके सम्वन्ध मे 'यह ऐसा ही हैं' इस प्रकार निश्चित भाषा न वोले ।

६७२

जिस विपय मे अपने को शका हो उसके विषय मे 'यह ऐसा ही है' इस प्रकार निश्चित भापा न वोले ।

६७३

किसी भी प्रकार के दवाव व खुशामद से अयोग्य को योग्य नही कहना चाहिए, योग्य को योग्य कहना चाहिए ।

६७४

न हासमाणो वि गिरं वएज्जा

६७५

मियं अदुट्ठं अणुवीइ भासए
सयाण मज्झे लहई पसंसणं

६७६

वइज्ज बुद्धे, हिय माणुलोमियं

६७७

वायादुरुत्ताणि दुरुद्धराणि वेराणुबंधीणि महब्भयाणि

६७८

न य कुग्गहियं कहं कहिज्जा

६७९

बहुय माय आलवे

६८०

नापुट्ठो वागरे किंचि, पुट्ठो वा नालियं वए

६८१

वयगुत्तायाए णं णिव्विकारत्तं जणयइ

६७४

हंसते हुए नही बोलना चाहिए।

६७५

जो विचार पूर्वक सुन्दर व परिमित शब्द बोलता है, वह सज्जनो मे प्रशंसा पाता है।

६७६

बुद्धिमान ऐसी भाषा बोले जो हितकारी, हो और सभी को प्रिय हो।

६७७

वाणी से बोले हुए दुष्ट और कठोर वचन जन्म जन्मान्तर के वैर और भय के कारण बन जाते हैं।

६७८

विग्रह बढाने वाली बात नही करनी चाहिए।

६७९

बहुत नही बोलना चाहिए।

६८०

विना बुलाए बीच मे कुछ नही बोलना चाहिए, बुलाने पर भी असत्य जैसा कुछ न कहे।

६८१

वचन गुप्ति से निर्विकार स्थिति प्राप्त होती है।

६८२

तहेव काण काणेत्ति, पडगं पंडगे त्ति वा
वाहियं वा वि रोगि त्ति, तेण चोरे त्ति नो वए

६८३

णातिवेल वदेज्जा

६८४

न असब्भमाहु

६८५

अप्प भासेज्ज सुव्वए

६८६

न लवेज्ज पुट्ठो सावज्जं

६८७

ज छन्न त न वत्तव्वं

६८८

अणुचितिय वियागरे

६८९

भासमाणो न भासेज्जा

६९०

अपुच्छिओ न भासिज्जा

६८२

काने को काना, नपुंसक को नपुंसक, रोगी को रोगी, चोर को चोर कहना सत्य है पर ऐसा नही कहना चाहिए इससे उन व्यक्तियो को दुख पहूचता है।

६८३

लम्बे समय तक वार्तालाप नही करे।

६८४

असभ्यता के साथ मत वोलो।

६८५

सुव्रती अल्प ही वोले।

६८६

पूछने पर सावद्य न वोले।

६८७

जो गोपनीय हो उसे नही वोलना चाहिए।

६८८

गभीर विचार करके वोले।

६८९

कोई दूसरा वोलता हो तो उसके बीच न वोले।

६९०

नही पूछा हुआ नही वोले।

६६१

णोव वंफेज्ज मम्मयं

६६२

सत्तविहे वयण विकप्पे आलावे, अणालावे, उल्लावे, उणुल्लावे, सल्लावे, पलावे, विप्पलावे ।

६६३

चत्तारि भासाओ भासित्तए
जायणी, पुच्छणी, अणुन्नवणी, पुठुस्सवागरणी

६६४

मिश्रं भासे

६६१

मर्मघाती वाक्य नही बोले ।

६६२

सात प्रकार का वचन विकल्प कहा गया है । १ थोड़ा बोलना २ कुत्सित बोलना । ३ मर्यादा उल्लंघन कर बोलना । ४ मर्यादा रहित बोलना । ५ परस्पर बोलना । ६ निरर्थक बोलना ७ विरुद्ध बोलना ।

६६३

चार प्रकार की भाषा कही गयी है याचनिक पृच्छनिका अवग्राहिका और पृष्ठ व्याकरणिका ।

६६४

परिमित बोले ।

कर्म

६६५

कड़ाणकम्माण न मोक्खग्रत्थि

६६६

जमियं जगई पुढोजगा, कम्मेहिं लुप्पन्ति पाणिणो
सयमेव कडेहिं गाहई, णो तस्स मुच्चेज्जऽपुट्ठय

६६७

सव्वे सयकम्मकप्पिया, ग्रवियत्तेण दुहेण पाणिणो
हिण्ड़न्ति भयाउला सढा, जाइ जरामरणेहिऽभिदुया

६६८

तम्हा एएसिं कम्माणं, ग्रणुभागा वियाणिया
एएसिं संवरे चेव, खवणे य जए बुहो

६६९

तेणे जहा सधिमुहे गहीए, स कम्मुणा किच्चइ पावकारी
एवं पया पेच्च इंहच लोए कडाण कम्माण न मोक्खग्रत्थि

कर्म

६९५

किए हुए कर्मो को बिना भोगे मुक्ति नही है ।

६९६

सभी प्राणी अपने-अपने सचित कर्मो के कारण ही ससार मे आते-जाते है, और कर्मअनुसार भिन्न-भिन्न योनियो मे पैदा होते हैं । क्योकि कर्म के भोगे बिना जीव को छुटकारा नही मिलता ।

६९७

प्राणिजन अपने-अपने कर्मों के अनुसार भिन्न-भिन्न योनियो को प्राप्त हुए हैं । कर्मों की अधीनता के कारण एकेन्द्रिय आदि की अवस्था में वे दु.खी रहते हैं । अशुभ कर्मो के कारण जन्म जरा और मरण से सदा भयभीत रह कर गतिचतुष्टय के रूप से संसार मे भटकते रहते हैं ।

६९८

कर्मो के फल भोगने पड़ते हैं, ऐसा समझ कर नये कर्मो से क्रिया को रोकने के लिए तथा सचित कर्मों को क्षय करने के लिए बुद्धिमान पुरुष को सदा प्रयत्नशील रहना चाहिए ।

६९९

जैसे पापकर्त्ता चोर नकाव लगाने के मौके पर पकडा जाकर अपने कर्म से मारा जाता है । ठीक वैसे ही इस लोक मे एव परलोक मे कृतकर्मा आत्मा को कृत कर्म का फल भोगना पड़ता है । क्योकि कृत कर्मों से कभी फदा नही छूटता ।

७००

रागो य दोसोऽविय कम्मबीय

७०१

पदुट्ठ चित्तो यो चिणाइ कम्मं

७०२

कम्माणि बलवन्ति हि

७०३

कम्म च मोहप्पभव

७०४

गाढा य विवाग कम्मुणो

७०५

कम्मेहिं लुप्पंति पाणिणो

७०६

कम्म च जाई मरणस्स मूलं

७०७

ससरइ सुहा सुहेहिं कम्मेहिं

७०८

आहाकम्मेहिं गच्छई

७००

असत् कर्म के हेतु—राग और द्वेष हैं।

७०१

प्रदुष्ट चित्त ही असत कर्म को एकत्र करता है।

७०२

कर्म निश्चय ही बलवान हैं।

७०३

मोह ही से कर्मो का उदय होता है।

७०४

कर्मों का फल अत्यन्त प्रभाव कारी होता है।

७०५

प्राणिजन कर्मों से ही डूबते हैं।

७०६

जन्म और मरण का मूल कर्म ही है।

७०७

शुभ कर्मो से साता रूप सुख शान्ति फैलती है।

७०८

(आत्मा) अपने किये हुए कर्मो के अनुसार ही (परलोक) को जाता है।

७०९

कम्मुणा उवाही जायइ

७१०

इहं तु कम्माइं पुरे कड़ाइं

७११

असुहाण कम्मणिनिज्जारणं पावगं

७१२

कत्तार मेव अणुजाइ कम्मं

७१३

कम्मुणा तेण संजुत्तोगच्छई उ परंभव

७१४

जहा कड कम्म तहा से भारे

७१५

जं जारिसपुव्वमकासिकम्मं तमेव आगच्छति सपराए

७१६

कम्मो कम्मेहिं किच्चती

७१७

बाला वेदति कम्माइं पुरे कड़ाइं

७०६

कर्म से उपाधियाँ (अनेक विपत्तियाँ) पैदा होती है।

७१०

यहाँ पर जिन कर्मों को भोग रहे हो वे पहिले किए हुये हैं।

७११

अशुभ कर्मो का मूल कारण पाप है।

७१२

कर्म कर्ता का ही अनुगमन करता है।

७१३

उस कर्म के साथ ही जीव परलोक को जाता है।

७१४

जैसा कर्म किया है, वैसा ही उसका बोझ समझो।

७१५

जिसने जैसा पूर्व जन्म मे कर्म किया है, वैसा ही ससार में उसको फल भोगना पड़ता है।

७१६

कर्मी कर्मों से ही दुःख पाता है।

७१७

अबोध मनुष्य पूर्वकृत कर्मो का फल भोगते हैं।

७१८

सकम्मुणा विप्परियासुवेइ

७१९

आयाणिज्जं परिन्नाय परियाएण विगिचइ

७२०

रयाइं खेवेज्ज पुराकडाइ

७१८

प्रत्येक आत्मा कर्मो के अनुसार अदलता-बदलता रहता है।

७१९

ज्ञानी आश्रव और बंध को समझ कर साधुता के रूप से उन्हे दूर रखता है।

७२०

पूर्वकृत कर्मो की रज को फेंक दो।

योग

७२२

पंच निग्गहणा धीरा

७२३

आयगुत्ते सयावीरे

७२४

भावणा जोग सुद्धप्पा
जलेणावा व आहिया

योग

७२२

जो पाचो इन्द्रियो का निग्रह करते है वही वीर पुरुष हैं।

७२३

जो वीर होता है वही मन वचन काय गुप्ति को नियंत्रण मे रखता है।

७२४

भावना के योग से शुद्ध आत्मा जल मे नाव की तरह कहा गया है।

महापुरुष

७२५

सड्ढो आणाए मेहावि।

७२६

विणियट्टंति भोगेसु जहा से पुरिसुत्तमो

७२७

बुद्धो भोगे परिच्चयई

७२८

मोहावी अप्पणो गिद्धिमुद्धरे

७२९

अणुन्नएनावणए महेसी

७३०

पंतं लूहं सेवति वीरा समत्त देसिणो।

महापुरुष

७२५

जो भगवान की आज्ञा में विश्वास करता है वही महापुरुष है।

७२६

जो भोगो से दूर रहते हैं वे ही श्रेष्ठ महापुरुष है।

७२७

बुद्धिमान पुरुष ही भोगों को छोड़ता है।

७२८

बुद्धिमान और आत्मार्थी पुरुष अपनी ममत्व बुद्धि को हटादे, यही महापुरुषो का पंथ है।

७२९

महात्मा पुरुष न तो हर्ष से अभिमानपुरुष हो और न दुःख से दीन हो।

७३०

सम्यग्दर्शी वीर पुरुष नीरस और निस्वाद भोजन का आहर करते है।

अनित्यता

७३१

इम सरीर अणिच्चं असुइ असुइं संभवं

७३२

असासया वासमिणं दुक्ख केसाण भायणं

७३३

अल्लीण गुत्तो निसिए।

७३४

अगुत्ते अणाणाए

७३५

अमणुन्न समुप्पायं दुक्खमेव

७३६

न सव्व सव्वत्थ अभिशेय एज्जा

अनित्यता

७३१

यह शरीर अनित्य है, अशुद्ध है और अशुद्धि से ही उत्पन्न हुआ है।

७३२

यह वास सयोग अशाश्वत् है और दुःख एवं क्लेशो का ही भाजन है।

७३३

गुरु आदि के आश्रित रहता हुआ गुप्ति धर्म का पालन करता हुआ बैठे।

७३४

अगुप्ति वाला आज्ञा से रहित होता है।

७३५

अमनोज्ञ की समुत्पत्ति ही दुःख है।

७३६

सब जगह किसी भी पदार्थ के प्रति ललायित मत हो।

तत्व स्वरूप

७३७

नाणं च दंसणं चेव चरित्त च तवो तहा ।
वीरियं उवओगोय, एयं जीवस्स लक्खण ।।

७३८

जीवाऽजीवा य बन्धोय, पुण्ण पावाऽ सवोतहा
संवरो निज्जरा मोक्खो, सन्तेए तहिया नव

७३९

सरीरं सादियं सनिधणं

७४०

जीवो णो वड्ढति णो हायंति अवट्ठिया

७४१

नो य उप्पज्जए अस

७४२

करणओ सा दुक्खा नो खलु सा अकरणो दुक्खा

७४३

समुप्पायमजाणता कहं नायंति संवरं

तत्त्व स्वरूप

७३७

ज्ञान, दर्शन, चारित्र, तप, वीर्य और उपयोग ये सब जीव के लक्षण हैं।

७३८

जीव, अजीव, बन्ध, पुण्य, पाप, आश्रव, संवर, निर्जरा मोक्ष ये नो तत्व हैं।

७३९

शरीर का आदि भी है और अन्त भी है।

७४०

जीव न कभी बढते हैं और न कभी घटते है बल्कि सदा अवस्थित रहते हैं।

७४१

जो असत् है वह कभी सत् रूप मे उत्पन्न नही होता।

७४२

कोई भी क्रिया किए जाने पर ही सुख दुःख का कारण बनती है, न किये जाने पर कभी नही।

७४३

जो दुखोत्पत्ति के कारण को नही समझता वह उस के निरोध का कारण कैसे जान सकेगा ?

मोक्ष

७४४

खेमं च सिवं अणुत्तरं

७४५

सुद्धेण उवेति मोक्खं

७४६

सव्व सग विनिम्मुक्को सिद्धे भवई नीरए

७४७

सिद्धो हवइ सासओ

७४८

अन्नाण मोहस्स विवज्जणाए
एगन्त खोक्ख समुवेइ मोक्खं

७४९

मोक्खसब्भूय साहणा नाण च दसण चेव चरित्तं चे

७५०

अगुणिस्स नत्थिमोक्खो

७५१

नत्थि अमोक्खस्स निव्वाण

मोक्ष

७४४

मोक्ष शिव स्वरूप है, और श्रेष्ठ है।

७४५

शुद्ध आत्मा मोक्ष को प्राप्त करती है।

७४६

सभी प्रकार के सग से विनिर्मुक्त होती हुयी सिद्ध आत्मा कर्म रहित हो जाती है।

७४७

सिद्ध प्रभु शाश्वत होते हैं।

७४८

अज्ञान रूपी मोह के विवर्जन से एकान्त मोक्ष सुख को प्राप्त करता है।

७४९

मोक्ष के सदभूत साधन ज्ञान दर्शन और चारित्र है।

७५०

अगुणी का मोक्ष नही है।

७५१

कर्मों से अमुक्त के लिए निर्वाण नही है।

७५२

डहरे य पाणे वुड्ढे य पाणे, ते अत्तओ पासइ सव्व
उव्वेहइ लोगमिणं महन्तं, बुद्धो पमत्तेसु परिव्वए

७५३

जे अणण्णारामे से अणन्न दंसी

७५४

अरइं आउट्टे से मेहावि खवंसि मुक्के

७५५

आयाण निसिद्धा सगब्भि

७५६

पच्छावित्ते पयाया खिप्प गच्छन्ति अमरभवणाइं
नेसिंपिओ तवोसंजमो य, खंति अ बंभ चेरं च

७५७

नाणं च दंसणं चेव चरित्त च तवो तहा,
एस मग्गुत्ति पण्णत्तो, जिणेहिं वर दरिसिहि ।

७५८

विगिंच कम्मणो हेऊं जस संचिणु खंतिए,
सरीर पाढवं हिच्चा उड्ढ पकमई दिसं ।

७५२

जो संसार के सब प्राणियो को आत्मवत् देखता है, ससार को अशाश्वत समझता है और अप्रमत्त भाव से सयम मे रहता है वही मोक्ष का अधिकारी है।

७५३

जो साधक मोक्ष के अतिरिक्त कही भी रूची नही रखता वही अटल श्रद्धा वाला माना गया है।

७५४

जो साधक अरति को दूर रखता है, वह क्षण भर मे मुक्त हो जाता है।

७५५

भावि कर्मों का आश्रव रोकने वाला साधक पूर्व सचित कर्मों का भी क्षय कर देता है।

७५६

